वर्ष 24, अंक 315, पृष्ठ 08, मूल्यः 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | रविवार 24 मई 2026 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# भारत के साथ हमारी साझेदारी अभूतपूर्व

## पीएम मोदी-ट्रंप के बीच गहरी दोस्ती'

**अमेरिका**

**अमेरिकी** विदेश मंत्री मार्को रुबियो शनिवार को नई दिल्ली पहुंचे। उन्होंने अपनी पहली भारत यात्रा की शुरूआत कोलकाता में रुककर की, जहां उन्होंने मिशनरीज ऑफ चैरिटी के मुख्यालय और उससे जुड़े एक बाल गृह का दौरा किया।

अपनी पत्नी जेनेट रुबियो और भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर के साथ, रुबियो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगे और विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ व्यापार, रक्षा, प्रौद्योगिकी, ऊर्जा सहयोग और हिंद-प्रशांत रणनीति पर व्यापक चर्चा करेंगे। उनकी चार दिवसीय यात्रा, जिसमें आगरा और जयपुर भी शामिल हैं, 26 मई को होने वाली क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक से पहले हो रही है। रुबियो की कोलकाता यात्रा 14 वर्षों में किसी अमेरिकी विदेश मंत्री की शहर की पहली यात्रा थी।

भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के बाद कहा कि भारत-अमेरिका संबंध मजबूत आधार पर हैं। अमेरिकी दूतावास के सपोर्ट एनेक्स भवन के उद्घाटन समारोह में बोलते हुए, गोर ने अमेरिकी अर्थव्यवस्था में 20.5 अरब डॉलर के निवेश के लिए भारतीय कंपनियों की सराहना की और कहा कि ये निवेश अमेरिकी श्रमिकों और अमेरिकी अर्थव्यवस्था में विश्वास को दशार्ते हैं। उन्होंने कहा कि यह नया भवन अमेरिकी समुदायों में रोजगार का समर्थन करने वाले नवप्रवर्तकों के लिए अमेरिका का प्रवेश द्वार बनेगा और आने वाले वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार को 500 अरब डॉलर तक पहुंचाने के लक्ष्य को आगे बढ़ाने में मदद करेगा। गोर ने विदेशों में सुरक्षा, आपातकालीन सेवाओं और नागरिक सहायता सुनिश्चित करने में कांसुलर पेशेवरों की भूमिका पर भी प्रकाश डाला और भारत-अमेरिका संबंधों में मौजूद "असाधारण संभावनाओं" पर जोर दिया।




अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच बढ़ती रणनीतिक साझेदारी पर प्रकाश डाला।

रुबियो और पीएम मोदी ने मिशन 500 व्यापार लक्ष्य की प्रगति की समीक्षा की

अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में द्विपक्षीय उपलब्धियों और 2030 तक भारत-अमेरिका व्यापार को दोगुना करने के उद्देश्य से शुरू की गई "मिशन 500" पहल को आगे बढ़ाने के लिए किए गए महत्वपूर्ण निवेशों पर विचार-विमर्श किया। दोनों नेताओं ने दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को गहरा करने के प्रयासों के तहत आर्थिक सहयोग बढ़ाने, निवेश को बढ़ावा देने और वाणिज्यिक संबंधों को मजबूत करने पर चर्चा की।

## वक्त मिले तो व्हाइट हाउस आइए



**अमेरिकी** विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। दोनों वैश्विक नेताओं के बीच यह बेहद अहम बैठक करीब एक घंटे तक चली, जिसमें कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। इस हाई-लेवल मीटिंग की संवेदनशीलता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि इसमें पीएम मोदी के साथ विदेश मंत्री एस जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (ठरअ) अजीत डोभाल भी विशेष रूप से मौजूद रहे। अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने घोषणा की कि अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को निकट भविष्य में व्हाइट हाउस आने का निमंत्रण दिया है। यह घोषणा प्रधानमंत्री मोदी और रुबियो के बीच हुई बैठक के बाद की गई, जिसमें दोनों पक्षों ने भारत-अमेरिका सहयोग को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की।

रुबियो कल विदेश मंत्री जयशंकर से मिलेंगे

रविवार को विदेश मंत्री मार्को रुबियो विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे और अमेरिकी दूतावास के स्वतंत्रता दिवस समारोह में भी शामिल होंगे।

सर्जियो गोर ने मार्को रुबियो का स्वागत किया

आज सुबह, अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने विदेश मंत्री मार्को रुबियो का स्वागत किया ।

# चीन की कोयला खदान में भीषण धमाका, 90 लोगों की मौत, राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने किया बड़ा ऐलान

**चीन**

**चीन** के उत्तरी प्रांत शांक्सी में एक कोयला खदान में हुए भीषण गैस धमाके में कम से कम 90 लोगों की मौत हो गई. इसे साल 2009 के बाद चीन का सबसे बड़ा और खतरनाक माइनिंग हादसा माना जा रहा है. सरकारी मीडिया शिन्हुआ के अनुसार यह हादसा शुक्रवार (22 मई 2026) की देर रात किनयुआन काउंटी की लिउशेन्यू कोयला खदान में हुआ. उस समय खदान में 247 मजदूर काम कर रहे थे. कॉर्पोरेट डेटा बेस किचाचा के मुताबिक इस खदान का संचालन शांक्सी टोंगझोउ ग्रुप लिउशेन्यू कोल इंडस्ट्री करती है.



कंपनी की स्थापना साल 2010 में हुई थी और इसे शांक्सी टोंगझोउ कोल कोकिंग ग्रुप कंट्रोल करता है. स्थानीय इमरजेंसी मैनेजमेंट अथॉरिटी ने बताया कि हादसे के बाद बड़े स्तर पर राहत और बचाव अभियान चलाया जा रहा है. साथ ही धमाके के कारणों की जांच भी शुरू कर दी गई हैशांक्सी प्रांत को चीन का सबसे बड़ा कोयला खनन क्षेत्र माना जाता है और यहां बड़ी संख्या में कोयला खदानें मौजूद हैं।

## उत्तराखंड: हीट स्ट्रोक से निपटने के लिए धामी सरकार का अलर्ट

**उत्तराखंड**

**देवभूमि** उत्तराखंड इन दिनों भीषण गर्मी से तप रही है, साथ ही पारा भी उछाल मार रहा है. प्रदेश में बढ़ते तापमान और हीट वेव के खतरे को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर आ गया है. उत्तराखंड स्वास्थ्य विभाग की तरफ से लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश सभी जिलों के लिए जारी किए गए हैं. स्वास्थ्य महानिदेशक सुनीता टम्टा ने बताया कि हीट स्ट्रोक से बचाव व उपचार के लिए सभी जिलों को हेल्थ एडवाइजरी जारी की गई है।

## 'पत्नी के जाने का नहीं है गम, कोर्ट में हंस रहा था आरोपी समर्थ'

### ट्विशा शर्मा के भाई हर्षित का बड़ा दावा




**भोपाल**

**भोपाल** में ट्विशा शर्मा की मौत का मामला गरमाया हुआ है. इस बीच ट्विशा के भाई मेजर हर्षित शर्मा ने बड़ा दावा किया है. उन्होंने कहा कि समर्थ सिंह की कोर्ट में पेशी के दौरान बॉडी लैंग्वेज बहुत अलग थी. उसके चेहरे पर पत्नी के जाने का गम जरा भी नहीं दिख रहा था.

हर्षित शर्मा ने कहा कि जैस हंसते हुए लोग व्यवहार करते हैं समर्थ का कोर्ट में व्यवहार ऐसा था. उन्होंने ये भी कहा कि हम चाहते हैं कि सीबीआई इस केस को अपने हाथों में ले ले और केस को दिशा मिले.

उन्होंने आगे कहा, "ट्विशा शर्मा के दूसरे पोस्टमार्टम को लेकर अभी उनके पास कोई जानकारी नहीं है. उम्मीद है जल्दी ही होगा. हम चाहते हैं कि गिरीबाला सिंह की जमानत रद्द होनी चाहिए. आप सब ने देखा है कि किस तरह से उन्होंने केस को प्रभावित किया है." ऑडियो टेप के बारे में उन्होंने कहा कि आप सब ने सुना है, उन्होंने किस तरह की बातें कही, मैं उन्हें दोहराना नहीं चाहता."

भोपाल कोर्ट में पेशी के बाद समर्थ को 7 दिन की पुलिस रिमांड

ट्विशा शर्मा के आरोपी पति समर्थ सिंह को शनिवार (23 मई) को भोपाल कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे 7 दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया. कोर्ट में सुनवाई शुरू होते ही पुलिस ने आरोपी की 7 दिन की रिमांड की मांग की. पुलिस का कहना है कि मामले में स्पॉट वेरिफिकेशन कराना जरूरी है, अन्य साक्ष्यों की जब्ती करनी है ।

## 'चारधाम यात्रा पिकनिक स्पॉट नहीं...', श्रद्धालुओं पर क्यों भड़के हिंदू धर्म गुरु स्वामी अरुण गिरि?

**उत्तराखंड**



**उत्तराखंड** चारधाम यात्रा से लौटे आवाहन अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अरुण गिरि ने यात्रा व्यवस्थाओं और श्रद्धालुओं के व्यवहार को लेकर खुलकर अपनी बात रखी है. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की अपील को ध्यान में रखते हुए उन्होंने पूरी यात्रा के दौरान वाहनों का कम से कम उपयोग किया, ताकि ईंधन की बचत हो सके और पर्यावरण पर भी अनावश्यक दबाव न पड़े. उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा केवल धार्मिक यात्रा नहीं, बल्कि सनातन आस्था और अनुशासन का प्रतीक है, इसलिए इसमें शामिल होने वाले हर श्रद्धालु का कर्तव्य है कि वह नियमों का पालन करे. अरुण गिरि ने साफ शब्दों में कहा कि यात्रा में हो रही कई अव्यवस्थाओं के लिए कुछ श्रद्धालु भी जिम्मेदार हैं, क्योंकि लोग प्रशासन की बात मानने के बजाय पुलिसकर्मियों पर दबाव बनाने की कोशिश करते हैं।

## 'कोई ताकत नहीं रोक सकती' भारत बनेगा हथियारों का शीर्ष निर्यातक

**शिरडी**

**रक्षा** मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि कोई भी शक्ति भारत को, जिसे कभी हथियारों का आयातक माना जाता था, अगले 25-30 वर्षों में हथियारों का सबसे बड़ा निर्यातक बनने से नहीं रोक सकती। शिरडी में गोला-बारूद निर्माण इकाई का उद्घाटन करने के बाद, सिंह ने कहा कि रक्षा उत्पादन में निजी क्षेत्र की भूमिका को 50 प्रतिशत तक ले जाने का लक्ष्य है। उन्होंने आगे कहा कि निजी क्षेत्र रक्षा क्षेत्र में केवल पुर्जों का आपूर्तिकर्ता नहीं है, बल्कि अत्याधुनिक हथियार प्रणालियों का निमार्ता भी है। सिंह ने कहा कि जब सरकार की दूरदृष्टि और निजी क्षेत्र का नवाचार एक साथ मिलते हैं, तभी देश नई ऊंचाइयों को छूता है।



सिंह ने कहा कि भारत को हथियारों का आयातक माना जाता था, लेकिन अब कोई भी ताकत इसे अगले 25-30 वर्षों में सबसे बड़ा निर्यातक बनने से नहीं रोक सकती। उन्होंने कहा कि जब सरकार की दूरदृष्टि और निजी क्षेत्र का नवाचार एक साथ मिलते हैं, तो देश नई ऊंचाइयों को छूता है। उन्होंने आगे कहा कि भारत को गोला-बारूद और स्वचालन का केंद्र बनाने के लिए सभी को मिलकर काम करना होगा।

सिंह ने बताया कि ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी के शासनकाल में पोटेशियम नाइट्रेट का उपयोग बारूद बनाने के लिए कच्चे माल के रूप में किया जाता था, जिससे कंपनी ने अपनी सैन्य क्षमता को मजबूत किया। उन्होंने कहा कि रक्षा उद्योग के मामले में भारत ने काफी प्रगति की है।

## 'फीस बढ़ाने के लिए स्कूलों को नहीं है सरकारी मंजूरी की जरूरत', दिल्ली हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

# 'फीस बढ़ाने के लिए स्कूलों को नहीं है सरकारी मंजूरी की जरूरत'

**नई दिल्ली**

**दिल्ली** हाईकोर्ट ने निजी गैर-सहायता मान्यता प्राप्त स्कूलों की फीस में बढ़ोतरी को लेकर अहम फैसला सुनाया है. कोर्ट ने कहा है कि अगर कोई स्कूल नए शैक्षणिक सत्र की शुरूआत से पहले अपनी प्रस्तावित फीस बढाना चाहता है, तो उसे फीस बढ़ाने के लिए Directorate of Educatio»»f से पूर्व अनुमति लेने की आवश्यकता नहीं है.




हालांकि अदालत ने स्पष्ट किया कि अगर कोई स्कूल चल रहे शैक्षणिक सत्र के बीच फीस बढ़ाना चाहता है, तो उसके लिए DoE की पूर्व मंजूरी जरूरी होगी. जस्टिस अनूप जयराम भंबानी ने अपने फैसले में कहा है कि दिल्ली स्कूल शिक्षा अधिनियम की धारा 17(3) के तहत निजी गैर-सहायता प्राप्त स्कूलों पर सिर्फ इतना दायित्व है कि वे नए शैक्षणिक सत्र के शुरू होने से पहले अपनी प्रस्तावित फीस का विवरण DoE के पास दाखिल करें.

'फीस बढ़ाने के लिए किसी पूर्व अनुमति की जरूरत नहीं'

फैसले के तहत अदालत ने कहा कि धारा 17(3) के तहत निजी गैर-सहायता प्राप्त मान्यता प्राप्त स्कूल को शैक्षणिक सत्र की शुरूआत में फीस बढ़ाने के लिए किसी पूर्व अनुमति या स्वीकृति की आवश्यकता नहीं है. उसकी केवल वैधानिक जिम्मेदारी यह है कि वह सत्र शुरू होने से पहले अपनी प्रस्तावित फीस का विवरण DoE को सौंप दे.

DPS वसंतकुंज समेत कई प्राइवेट स्कूलों ने दी थी याचिका

यह फैसला DPS वसंतकुंज समेत कई निजी स्कूलों द्वारा दायर याचिकाओं पर दिया गया है. जिसमे इन स्कूलों ने उ्द्धए द्वारा फीस वृद्धि प्रस्तावों को खारिज करने के फैसले को चुनौती दी थी. फैसले में हाईकोर्ट ने DoE की कार्यप्रणाली पर तीखी टिप्पणी करते हुए कहा कि ऐसे मामलों से अस्पष्टता के साथ कानून और न्यायिक आदेशों की अनदेखी करते हुए लगातार कार्रवाई करता रहा।

## बीजेपी में शामिल होते ही राघव चड्ढा का बढ़ गया कद, राज्यसभा में मिली बड़ी जिम्मेदारी

**नई दिल्ली**

**आम** आदमी पार्टी (आप) छोड़कर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हुए राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा को बड़ी जिम्मेदारी मिली है. उन्हें शनिवार (23 मई) को सदन की याचिका समिति का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है. राज्यसभा के सभापति सी. पी. राधाकृष्णन ने याचिका समिति का पुनर्गठन करने के बाद सदन के 10 सदस्यों को इस समिति के लिए नामित किया.



राज्यसभा की एक अधिसूचना में कहा गया, 'राघव चड्ढा को समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है.' अधिसूचना में कहा गया कि राज्यसभा के सभापति ने समिति का पुनर्गठन किया है जो 20 मई से प्रभाव में है.

राघव चड्ढा के साथ इन्हें भी मिली अहम जिम्मेदारी

समिति में चड्ढा के अलावा हर्ष महाजन, गुलाम अली, शंभू शरण पटेल, मयंक कुमार नायक, मस्तान राव यादव बीडा, जेबी माथेर हिशाम, सुभाशीष खुंटिया, रवंगवरा नारजारी और संदोष कुमार पी. अन्य सदस्य हैं. राज्यसभा सचिवालय ने एक अन्य अधिसूचना में कहा, ह्यह्यराज्यसभा के सभापति ने 20 मई 2026 को राज्यसभा सदस्य डॉ. मेनका गुरुस्वामी को कॉरपोरेट कानून (संशोधन) विधेयक 2026 संबंधी संयुक्त समिति का सदस्य नामित किया है।

## क्या 'सिख कार्ड' से सत्ता का समीकरण साधेगी बीजेपी? छवि बदलने की तैयारी!

**पंजाब**

**पंजाब** भाजपा के मौजूदा अध्यक्ष सुनील जाखड़ का तीन साल का कार्यकाल जुलाई में समाप्त हो रहा है, ऐसे में पार्टी द्वारा 2027 में होने वाले चुनावों के मद्देनजर एक सिख उम्मीदवार को उम्मीदवार बनाए जाने की संभावना है। कुछ जाने-माने नामों पर चर्चा चल रही है, जिनमें केंद्रीय रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू और पूर्व वित्त मंत्री मनप्रीत सिंह बादल शामिल हैं। बिट्टू पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह के पोते हैं, जिन्होंने कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए थे, जबकि बादल एसएडी अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल के चचेरे भाई हैं।

पार्टी अध्यक्ष पद के लिए जिन अन्य व्यक्तियों पर विचार किया जा रहा है, उनमें पूर्व नौकरशाह से राजनेता बने जगमोहन सिंह राजू, कांग्रेस से इस्तीफा देकर भाजपा में शामिल हुए केवल ढिल्लों, वरिष्ठ भाजपा नेता मनजीत सिंह राय, राज्यसभा सांसद और चंडीगढ़ विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलाधिपति सतनाम संधू, पूर्व मंत्री और पूर्व विधायक राणा गुरमीत सोढ़ी और पूर्व विधायक फतेह जंग सिंह बाजवा शामिल हैं।

सूत्रों के अनुसार, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी, जो पंजाब का दौरा कर रहे हैं और पार्टी के कार्यक्रमों और रैलियों में भाग ले रहे हैं, सिख चेहरे को उम्मीदवार बनाने पर जोर दे रहे हैं।

पश्चिम बंगाल में ऐतिहासिक जीत हासिल करने के बाद, जहां भाजपा ने 290 में से 207 सीटें जीतकर ममता बनर्जी को हराया, अब उसकी निगाहें पूरी तरह से पंजाब पर टिकी हैं। राज्य इकाई के अध्यक्ष के रूप में सिख चेहरे को प्राथमिकता देना उस जमीनी हकीकत को दशार्ता है जिसे पार्टी नजरअंदाज नहीं कर सकती।

# योगी सरकार की सोलर दीदी योजना

## 14,196 वेतन और मुफ्त सोलर प्लांट से महिलाओं को मिल रही आत्मनिर्भरता

**उत्तर प्रदेश**

**उत्तर** प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में महिलाओं को ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में जनपद वाराणसी एक नई पहचान बना रहा है.वाराणसी की महिलाएं सोलर लीडर बनने की ओर तेजी से आगे बढ़ रहीं हैं. सोलर दीदी पहल के माध्यम से महिलाओं को न केवल तकनीकी प्रशिक्षण दिया जा रहा है, बल्कि उन्हें रोजगार, सम्मान और ऊर्जा स्वावलंबन से भी जोड़ा जा रहा है. प्रमुख सोलर कंपनियों द्वारा यूपी नेडा को दिए गए प्रस्ताव के अनुसार चयनित सोलर दीदियों को वाराणसी में रहकर कार्य करने का अवसर मिलेगा.



इस संबंध में यूपी नेडा डायरेक्टर रविन्दर सिंह ने बताया कि यूपीनेडा इम्पेनल्ड वेंडर्स द्वारा महिलाओं को ?14,196 प्रति माह का वेतन दिया जाता है. इसके साथ ही वेंडर्स द्वारा प्रत्येक सोलर दीदी को लगभग 1.30 लाख मूल्य का 2 किलोवाट सोलर प्लांट निःशुल्क दिया जाएगा, जिससे वे अपने घर को सौर ऊर्जा से जोड़ सकेंगी.

महिलाओं को आधुनिक ऊर्जा उपयोग से जोड़ने हेतु एक इंडक्शन स्टोव भी वेंडर्स द्वारा निःशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा. इसके अतिरिक्त भारत सरकार के नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा प्रत्येक सफल सोलर स्थापना पर ?1000 की प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की जाएगी. विभाग की ओर से सभी प्रशिक्षुओं से अपील की गई है कि वे समय से प्रशिक्षण केंद्र पहुंचें, सात दिवसीय प्रशिक्षण को गंभीरता से पूरा करें तथा टेस्ट उत्तीर्ण कर इस अभियान का हिस्सा बनें. यह पहल केवल रोजगार का माध्यम नहीं, बल्कि महिलाओं को ऊर्जा क्षेत्र में नेतृत्व प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है.वाराणसी में चल रही यह पहल अब पूरे उत्तर प्रदेश के लिए एक प्रेरणादायक मॉडल बनती दिखाई दे रही है, जहां महिलाएं सोलर दीदी बनकर हरित ऊर्जा क्रांति की अगुवाई कर रही हैं.

उत्तर प्रदेश में अब तक 5,44,810 से अधिक रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं।

# छोटे भाइयों ने बड़े भाई की पैतृक सम्पत्ति को लेकर कुल्हाड़ी से मार कर की हत्या

संतोष कुमार विश्वकर्मा की मौत से घर मे कोहराम मच गया है पत्नी व बच्चों का रो रो कर बुरा हाल है







**अखंड भारत संदेश**

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम बादलपुर निवासी संतोष कुमार विश्वकर्मा से उसके भाईयों से सम्पत्ति के बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा था। बताया गया है कि शनिवार को सुबह संतोष कुमार विश्वकर्मा मुंबई से आया तो देखा कि छोटे भाई नींव खोद कर निर्माण कार्य करा रहे हैं।मना करने पर छोटे भाइयों ने बडे भाई संतोष कुमार विश्वकर्मा 40 वर्ष पुत्र स्वर्गीय नन्दलाल पर कुल्हाड़ी, रम्भा आदि से गर्दन सिर में मारने लगे जब संतोष जान बचाकर भागा तो बुरी तरह कुल्हाड़ी मार कर घर के गेट पर मौत के घाट उतार दिए। बीच बचाव में आयी संतोष की पत्नी अर्चना को भी मारे पीटे। संतोष की मौत पर सभी भाई परिजनों को लेकर भाग गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पत्नी अर्चना देवी ने मऊआइमा थाना में मृतक संतोष के सगे भाई विनोद कुमार, अशोक कुमार,नीलम पत्नी अशोक,नीलम पत्नी विनोद,भतीजे रोहित पुत्र अशोक के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज करा दी है। मृतक के दो पुत्र हैं जय कुमार 3 वर्ष,जीएस विश्वकर्मा 6 वर्ष सभी पर पिता का छाया उठ जाने पर वह यतीम हो गए हैं। पुलिस ने मौके पर कुल्हाड़ी, रम्भा,बसुली बरामद कर ली।

डीसीपी कुलदीप सिंह गुनावत ने बताया कि पैतृक सम्पत्ति में रास्ते के विवाद के कारण हत्या हुई है। फिलहाल एक संदिग्ध को हिरासत में लिया गया है।

# बेलवानियां माइनर पर सिरियारी गांव में पुलिया निर्माण की मांग

संपूर्ण समाधान दिवस में अधिवक्ता अशोक मिश्र ने दिया प्रार्थनापत्र

**अखंड भारत संदेश**



**पसना।** कोरांव और मेजा तहसील की सीमा पर स्थित सिरियारी गांव से होकर गुजरने वाली नवनिर्मित बेलवानिया माइनर पर पुलिया न होने से ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी हो रही है। स्थानीय अधिवक्ता अशोक मिश्रा ने संपूर्ण समाधान दिवस में सिंचाई विभाग के अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर पुलिया निर्माण की मांग की है।

अशोक मिश्रा ने बताया कि सिरियारी गांव से पहाड़ी पर स्थित खेतों की ओर जाने वाली सड़क पर पहले किसान ट्रैक्टर से कृषि कार्य के लिए जाते थे। नहर बनने के बाद अब खेतों तक पहुंचना मुश्किल हो गया है। बेलन नहर प्रखंड के अवर अभियंता जितेंद्र पांडेय ने बताया कि ग्रामीणों की पुलिया निर्माण की मांग से उच्च अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है। बजट आवंटन के बाद ही पुलिया का निर्माण संभव हो पाएगा। बभनपट्टी निवासी समाजसेवी धीरज मिश्रा ने भी इस संबंध में बेलन नहर प्रखंड के अधिशासी अभियंता एसपी चौधरी से मुलाकात कर पुलिया निर्माण का आग्रह किया है। अधिशासी अभियंता ने आश्वासन दिया कि मामला उनके संज्ञान में है और जल्द ही बजट आवंटित कराकर ग्रामीणों की सुविधा के लिए पुलिया का निर्माण कराया जाएगा।

# लो वोल्टेज के चलते खटंगिया जल निगम द्वारा दर्जनों गावों को एक सप्ताह से नही मिल रहा पानी



**अखंड भारत संदेश**



**जसरा।** खटंगिया जल निगम लो वोल्टेज होने के कारण एक सप्ताह से पानी नहीं दे रहा है। उससे जुड़े दर्जनों गांवों में पानी का संकट छाया हुआ है। लोगों ने हैंडपंप पर पानी भरने के लिए कतार लगाकर खड़े रहते हैं। जिला सहकारी बैंक लिमिटेड प्रयागराज के डायरेक्टर अनिल कुमार मिश्र ने बताया कि बिजली विभाग द्वारा सही बिजली जल निगम को न मिल पाने के कारण जल निगम बंद पड़ा हुआ है। खटंगिया गांव में दो दशक पूर्व बना जल निगम आये दिन बंद रहता है। कभी जल निगम की मोटर में कभी तो कभी पाइपलाइन में लीकेज के कारण तो इस समय लगातार हाफबिजली रहने के कारण ट्यूबवेल नहीं चल पा रहा है। जल निगम से उपभोक्ताओं को पानी न मिल पाने से दर्जनों गांवों के लोग इस भीषण गर्मी में पानी के लिए दूर दूर से पानी ढोने के लिए रात दिन परेशानी उठा रहे हैं। इस जल निगम से खटंगिया, चितौरी, मरुआ, दौना, लेवदी, लेउदा, महाबीरन, जसरा बाजार, जसरा गांवों के लोग पीने के पानी के साथ साथ जानवरों को पिलाने के लिए सुबह-शाम परेशान रहते हैं। बिजली विभाग की उदासीनता के कारण लोगों को रात में ही हैंडपंपों पर पहुंच कर पानी भरने के लिए लाइन लगाए रहते है। ग्रामीणों ने कहा कि अगर बिजली व्यवस्था इसी तरह बनी रही तो लोगों को आन्दोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

# दिघिया रेलवे फाटक पर युवक की ट्रेन से कटकर मौत, परिजनों में मचा कोहराम

परिजनों ने लगाया आरोप पुलिस ने शुरू की जांच







**मांडा।** यमुनापार क्षेत्र के मांडा थानांतर्गत दिघिया रेलवे फाटक के समीप 23 मई की सुबह 7 बजे एक युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। मृतक की पहचान दिघिया, बभनी हेठार निवासी 19 वर्षीय राजेश सोनकर के रूप में हुई है। परिजनों ने इस मामले में हत्या का आरोप लगाया है, जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

मृतक के पिता राजाराम सोनकर ने पुलिस को तहरीर दी है। उन्होंने आरोप लगाया कि उनका बेटा राजेश सोनकर पैर से विकलांग था। वह घर जा रहा था कि रास्ते में फिसल गया और एक ऊपरी (संभवतः कोई संरचना या मलबा) पर गिर गया, जिससे वह टूट गई।

पिता के अनुसार, राजेश को गिरा हुआ देखकर गांव की सरिता सोनकर पत्नी स्व. बुलू सोनकर और उनकी बेटी सुमन सोनकर ने उसे पकड़ लिया। जब राजेश को मारने का प्रयास किया, तो वह रेलवे पटरी की ओर भागा। तभी एक ट्रेन आ गई और वह उसकी चपेट में आ गया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

मृतक राजेश सोनकर अपने तीन भाइयों में दूसरे नंबर पर था। उसके परिवार में मां रोमा देवी, भाई सीटू और लल्ला सोनकर के साथ-साथ दो बहनें भी हैं।

घटना की सूचना मिलते ही मांडा इंस्पेक्टर अनिल कुमार वर्मा और दिघिया चौकी प्रभारी विक्की कुमार गुप्ता पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और परिजनों व आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है।

नाम न छापने की शर्त पर कुछ ग्रामीणों ने बताया कि राजेश सोनकर का अपने घर में ही विवाद हुआ था। उनका मानना है कि इसी विवाद के खुन्नस में आकर उसने यह कदम उठाया होगा।

मांडा इंस्पेक्टर अनिल कुमार वर्मा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस घटना की गहनता से जांच की जाएगी और अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# थानाध्यक्ष सरायममरेज अतुल मिश्र की हुई विदाई, बने घूरपुर के थानाध्यक्ष



**जंघई।** मुट्ठीगंज थानाध्यक्ष रहे उप निरीक्षक अरुण कुमार सिंह को सरायममरेज थाने का थानाध्यक्ष बनाया गया है। थाना सरायममरेज में सफल कार्यकाल होने के पश्चात स्थानांतरण होने वाले थानाध्यक्ष अतुल कुमार मिश्र अपने विदाई समारोह से अभिभूत होकर कहा कि सरायममरेज थाना क्षेत्र के निवासियों, जनप्रतिनिधियों एवं थाना, चौकी स्टाफ का जो सहयोग मिला है वह अविस्मरणीय रहेगा, सरकारी सेवा में एक दिन सभी सरकारी कर्मियों का स्थांतरण व पदस्थापन निश्चित है। हमारे कार्यकाल में थाना क्षेत्र के तमाम जनप्रतिनिधियों और बुद्धिजीवियों का मुझे पूरा स्नेह मिला जिनसे मिले जोश से क्षेत्र में बेहतर फ्रेंडली पुलिसिंग करने में हमें निरंतर सहयोग मिला। देवबरा धाम में हुई राजन महाराज की श्रीराम कथा में अतुलनीय सहयोग हेतु कथा संयोजक राधे मोहन पांडेय एवं? विकास पांडेय इलाहाबादी ने स्मृति चिन्ह एवं माल्यार्पण से विदाई किया जिसमें तमाम जनप्रतिनिधि एवं बुद्धिजीवी, पुलिसकर्मी मौजूद रहे। उपस्थित लोगों ने थानाध्यक्ष के प्रति सम्मान प्रकट करते हुए कहा कि अतुल मिश्र एक कुशल पुलिस अधिकारी रहे बल्कि अन्य सरकारी विभागों के अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर इन्होने एकता के साथ काम किया इनके कार्यकाल को हमेशा याद रखा जाएगा। इस अवसर पर आगंतुक जनप्रतिनिधियों ने बारी-बारी से थानाध्यक्ष को रीति-रिवाज के अनुसार फूल-माला, स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया जिसमें तमाम जनप्रतिनिधि एवं पुलिस स्टाफ मौजूद रहे।

# जीआरपी जवान की तत्परता ने यात्री की बचाई जान

**अखंड भारत संदेश**



**जंघई।** इन दिनों चिलचिलाती धूप एवं भीषण गर्मी से हर कोई हैरान, परेशान एवं कष्टित है। इसी क्रम में शनिवार को काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस से ट्रेन पकड़ने जंघई जंक्शन पहुंचे सुल्तानपुर जनपद के चांदा थानांतर्गत तटेरीपुर गांव निवासी प्रभाकर मिश्र 50 वर्ष अचेतावस्था में प्लेटफार्म पर गिर पड़े, यह देखकर जीआरपी जवान अभिनित दुबे तेज कदमों से दौड़ते हुए प्रभाकर मिश्रा के पास पहुंचे और उठाकर बेंच पर लिटाया और काफी देर तक उनके सीने में सीपीआर दिया तो प्रभाकर मिश्रा की सांसें चलने लगी और उठकर बैठ गए। सूचना पर उनके सहयोगी गण पहुंचे और उनको लेकर प्रयागराज गए। जीआरपी जवान अभिनित दुबे की तत्परता से एक जान बचने पर हर कोई अभिनित की तारीफ करते हुए उन्हें बधाई दिया और उज्जवल भविष्य की कामना किया। प्रभाकर मिश्र घनश्याम फिलिंग पेट्रोल पंप उद्वावा हंडिया में मैनेजर पद पर कार्यरत हैं, और शनिवार को जंघई स्टेशन से काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस पकड़कर परिजनों के पास जा जाने वाले थे।

# महापौर से खराब एवं बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों को ठीक करने के लिए मांग किया

**नैनी।** नैनी क्षेत्र के वार्ड संख्या 47 में विद्युत व्यवस्था की समस्याओं को लेकर कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख वरिष्ठ भाजपा नेता एवं जिला उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी प्रयागराज संजय श्रीवास्तव के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने महापौर गणेश केसरवानी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान संजय श्रीवास्तव ने क्षेत्र में खराब एवं बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों तथा कई विद्युत पोलों पर लाइट न लगे होने की समस्या से महापौर को अवगत कराया। मामले को गंभीरता से लेते हुए महापौर गणेश केसरवानी ने चीफ इंजीनियर नगर निगम को तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। महापौर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वार्ड संख्या 47 में जहां-जहां विद्युत पोलों पर लाइट नहीं लगी है वहां शीघ्र लाइट लगाकर स्ट्रीट लाइट व्यवस्था सुचारु कराई जाए। संजय श्रीवास्तव ने बताया कि महापौर द्वारा मामले में तत्काल कार्रवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए हैं।

# शिव-पार्वती महिमा प्रसंग से शिवमय हुआ कथा पंडाल श्री शुभलेश्वर महादेव धाम में जुटे कथा के रसिक



**सहसों।** रामनगर मेडुवा स्थित श्री शुभलेश्वर महादेव धाम के प्रांगण में आयोजित सामूहिक साप्ताहिक श्री शिव महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ में श्रद्धा विश्वास और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा व्यास कुलदीप कृष्ण जी महाराज ने अपनी अमृतमयी वाणी से श्रद्धालु श्रोताओं को हिरण्याक्ष, हिरण्यकश्यप एवं अंधकासुर संहार, मां भवानी के प्राकट्य, भगवान शिव एवं माता पार्वती विवाह तथा उनके दिव्य चरित्रों का भावपूर्ण वर्णन सुनाया। कथा के दौरान पूरा पंडाल ह्लहर-हर महादेवह्व के जयघोष से गुंजायमान हो उठा। कथा व्यास ने भगवान शिव की महिमा, मंत्रों की शक्ति तथा मानव जीवन में धर्म और ज्ञान के महत्व को विस्तारपूर्वक समझाते हुए कहा कि भगवान शिव की अनूठी बारात में भूत-प्रेत, गण एवं देवी-देवताओं का समावेश शिव की समभाव और करुणा की भावना को दशार्ता है। उन्होंने माता पार्वती की कठोर तपस्या और अटूट भक्ति को नारी शक्ति एवं संकल्प का प्रेरणादायी उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि श्री शिव महापुराण कथा का श्रवण मनुष्य के सभी पापों का नाश कर आत्मा को पवित्र करता है। धर्म और ज्ञान ही मानव जीवन के वास्तविक उद्धार का मार्ग हैं। कथा के भावपूर्ण प्रसंगों को सुनकर उपस्थित श्रद्धालु भावविभोर हो उठे और पूरा वातावरण भक्तिमय एवं शिवमय हो गया। कथा विश्राम के उपरांत मुख्य यजमान कृष्णकांत पांडे एवं शिवाकांत पांडे सहित अन्य श्रद्धालुओं ने भगवान महादेव एवं व्यास पीठ की आरती उतारी। इसके बाद भक्तों में प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर रामचंद्र पांडेय, चिंतामणि शुक्ला, त्रियुगी नारायण शुक्ला, मनीष कुमार तिवारी, एस.एन. तिवारी, अशोक पांडे, सुरेश तिवारी सहित भारी संख्या में श्रद्धालु नर-नारी उपस्थित रहकर कथा रसपान किया।

# डिजिटल साक्षरता अभियान विद्यार्थियों के लिए वरदान : प्रोफेसर सत्यकाम

बांस नगरी में कंप्यूटर संस्थान से हाथ मिलाकर तकनीकी शिक्षा सुलभ कराएगा मुक्त विश्वविद्यालय

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के क्षेत्रीय केन्द्र, बरेली एवं विंटेक कंप्यूटर एजुकेशनल, बरेली के मध्य शनिवार को हुए समझौता ज्ञापन के उपरांत आयोजित उद्घाटन समारोह में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने कहा कि आज का युग डिजिटल क्रांति का युग है। केवल पारंपरिक शिक्षा से युवाओं को आत्मनिर्भर नहीं बनाया जा सकता। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय का हमेशा से यह प्रयास रहा है कि हम शिक्षा को हर घर तक पहुंचाएं। विंटेक कंप्यूटर एजुकेशनल के साथ हुआ यह समझौता इसी दिशा में एक बड़ा कदम है। इसके माध्यम से बरेली और आसपास के क्षेत्रों के युवाओं को उच्च स्तरीय तकनीकी और कंप्यूटर शिक्षा सुलभ होगी, जो उन्हें सीधे रोजगार से जोड़ेगी। कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने कहा कि मुक्त विश्वविद्यालय का मूल उद्देश्य समाज के उस अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना है जो किसी कारणवश नियमित विश्वविद्यालय नहीं जा पाता। उन्होंने जोर देकर कहा कि हमारा लक्ष्य सिर्फ डिग्री बांटना नहीं, बल्कि युवाओं के हाथों में हुनर देना है। यह डिजिटल साक्षरता अभियान बरेली के ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों के विद्यार्थियों के लिए एक वरदान साबित होगा। उन्होंने कहा कि समाज के विकास में शिक्षाविदों और जागरूक नागरिकों की भूमिका सबसे अहम होती है। उन्होंने आह्वान किया कि वे विश्वविद्यालय की इन जनकल्याणकारी और रोजगारपरक योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में अपना सहयोग दें। प्रोफेसर सत्यकाम ने बताया कि यह समझौता राष्ट्रीय शिक्षा नीति के संकल्पों को पूरा करता है, जहाँ कौशल विकास और व्यावहारिक ज्ञान को प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने विंटेक संस्थान को भरोसा दिलाया कि विश्वविद्यालय प्रशासन छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के लिए हर संभव शैक्षणिक सहायता और संसाधन उपलब्ध कराता रहेगा।विश्वविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी डॉ प्रभात चंद मिश्र ने बताया कि प्रारंभ में अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । क्षेत्रीय केंद्र बरेली के समन्वक डॉ सत्येंद्र बाबू ने अतिथियों का स्वागत किया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव कर्नल विनय कुमार ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि कंप्यूटर साक्षरता आज के समय के लिए अत्यंत अनिवार्य है। विंटेक कंप्यूटर के निदेशक मनीष कुमार विश्वकर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रस्तुतीकरण किया गया।

# क्षेत्र के नागरिकों, जनप्रतिनिधियों का सहयोग अविस्मरणीय : अतुल मिश्र

**अखंड भारत संदेश**



**जंघई।** मुट्ठीगंज थानाध्यक्ष रहे उप निरीक्षक अरुण कुमार सिंह को सरायममरेज थाने का थानाध्यक्ष बनाया गया है। थाना सरायममरेज में सफल कार्यकाल होने के पश्चात स्थानांतरण होने वाले थानाध्यक्ष अतुल कुमार मिश्र अपने विदाई समारोह से अभिभूत होकर कहा कि सरायममरेज थाना क्षेत्र के निवासियों, जनप्रतिनिधियों एवं थाना, चौकी स्टाफ का जो सहयोग मिला है वह अविस्मरणीय रहेगा, सरकारी सेवा में एक दिन सभी सरकारी कर्मियों का स्थांतरण व पदस्थापन निश्चित है। हमारे कार्यकाल में थाना क्षेत्र के तमाम जनप्रतिनिधियों और बुद्धिजीवियों का मुझे पूरा स्नेह मिला जिनसे मिले जोश से क्षेत्र में बेहतर फ्रेंडली पुलिसिंग करने में हमें निरंतर सहयोग मिला। देवबरा धाम में हुई राजन महाराज की श्रीराम कथा में अतुलनीय सहयोग हेतु कथा संयोजक राधे मोहन पांडेय एवं? विकास पांडेय इलाहाबादी ने स्मृति चिन्ह एवं माल्यार्पण से विदाई किया जिसमें तमाम जनप्रतिनिधि एवं बुद्धिजीवी, पुलिसकर्मी मौजूद रहे। उपस्थित लोगों ने थानाध्यक्ष के प्रति सम्मान प्रकट करते हुए कहा कि अतुल मिश्र एक कुशल पुलिस अधिकारी रहे बल्कि अन्य सरकारी विभागों के अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर इन्होने एकता के साथ काम किया इनके कार्यकाल को हमेशा याद रखा जाएगा। इस अवसर पर आगंतुक जनप्रतिनिधियों ने बारी-बारी से थानाध्यक्ष को रीति-रिवाज के अनुसार फूल-माला, स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया जिसमें तमाम जनप्रतिनिधि एवं पुलिस स्टाफ मौजूद रहे।

# प्रयागराज में नकल माफिया पर बड़ी कार्रवाई गैंगस्टर एक्ट में 60 लाख की संपत्ति कुर्क

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** पुलिस ने संगठित अपराध के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए कुख्यात नकल माफिया और गैंग लीडर सोनू सिंह यादव की संपत्ति कुर्क कर दी। पुलिस के अनुसार सोनू सिंह यादव ने अपनी पत्नी शारदा यादव के साथ मिलकर अपराध से अर्जित धन से यह अचल संपत्ति खरीदी थी।

जानकारी के मुताबिक, सोनू सिंह यादव पुत्र स्वर्गीय मिश्रीलाल निवासी कटरा कौड़िहार, थाना नवाबगंज कमिश्नरेट प्रयागराज के खिलाफ लंबे समय से संगठित अपराध से जुड़े मामले दर्ज हैं। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी ने अवैध कमाई से ग्राम राजापुर मल्हुआ, परगना एवं तहसील सोरांव में जमीन खरीदी थी।

पुलिस आयुक्त न्यायालय, कमिश्नरेट प्रयागराज के आदेश पर धारा 14(1) उत्तर प्रदेश गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए आराजी संख्या 366 एवं 367 की कुल 0.2780 हेक्टेयर भूमि में विक्रेता वसीम के वैधानिक हिस्से 0.0695 हेक्टेयर, यानी करीब 347.5 वर्गमीटर जमीन को कुर्क किया गया।

कुर्क की गई संपत्ति की अनुमानित कीमत करीब 60 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अपराध से अर्जित संपत्तियों के खिलाफ आगे भी अभियान जारी रहेगा और माफियाओं पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# नैनी में पूर्व ब्लॉक प्रमुख माफिया दिलीप मिश्रा का मकान पुलिस ने किया कुर्क, गैंगस्टर एक्ट में हुई कार्रवाई

अखंड भारत संदेश



**नैनी।** नैनी में पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट प्रयागराज एवं अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना नैनी पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस उपायुक्त यमुनानगर के पर्यवेक्षण तथा अपर पुलिस उपायुक्त यमुनानगर एवं सहायक पुलिस आयुक्त करछना के नेतृत्व में थाना औद्योगिक क्षेत्र पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 218/2020 धारा 2/3 उत्तर प्रदेश गिरोहबन्द एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम, 1986 में वांछित कुख्यात गैंगलीडर एवं हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त दिलीप मिश्रा की अवैध रूप से अर्जित संपत्ति को कुर्क किया गया है। प्रभारी निरीक्षक थाना नैनी द्वारा माफिया दिलीप मिश्रा के खिलाफ शनिवार को पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में नैनी स्थित उसके मकान को कुर्क दिया। भारी संख्या में पुलिस फोर्स के साथ पहुंचे अधिकारियों ने नैनी के दाउद नगर में मुनादी कराने के पर उसके मकान को सील कर दिया और वहां पर प्रशासन का बोर्ड लगा दिया। इस कार्रवाई से इलाके में खलबली मची रही। माफिया दिलीप मिश्रा चाका के ब्लाक प्रमुख रह चुका है। साथ ही उसकी पत्नी जिला पंचायत सदस्य भी थी। दिलीप का नाम कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी के ऊपर हुए जानलेवा हमले में भी सामने आया था। इसके अलावा जिले के चर्चित डॉ. बंसल हत्याकांड में भी दिलीप मिश्रा को आरोपी बनाया गया था। नैनी के दाउदनगर में स्थित दिलीप मिश्रा के मकान को पुलिस कमिश्नर के आदेश पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कुर्क किया गया है। पुलिस के अनुसार औद्योगिक थाना क्षेत्र के लवायन कला गांव निवासी दिलीप मिश्रा के खिलाफ कई मुकदमे पंजीकृत हैं। वह फिलहाल फतेहगढ़ जेल में बंद है।

# रेलवे संपत्ति चोरी के मामले में तीन आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**नैनी।** नैनी रेल सुरक्षा बल चौकी शंकरगढ़ अंतर्गत पोस्ट नैनी में पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 06/2026 धारा 3 आरपी (यूपी) एक्ट एवं 147 रेलवे एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए रेल सुरक्षा बल ने रेलवे संपत्ति चोरी के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। 20 मई को उपनिरीक्षक गंभीर सिंह हमराह स्टाफ के साथ गश्त एवं चेकिंग के दौरान मदरहा स्टेशन के पास एक संदिग्ध टाटा मैजिक लोडर को रोका गया। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें ताजा कटे हुए रेलवे लाइन के टुकड़े लदे मिले जिनकी कुल लंबाई लगभग 33 मीटर पाई गई। जांच-पड़ताल के उपरांत रेलवे लाइन के टुकड़ों सहित वाहन को मौके पर ही जप्त कर लिया गया तथा संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया। इसके 22 मई को उपनिरीक्षक गंभीर सिंह द्वारा हमराह स्टाफ के साथ आरोपियों की तलाश एवं पतारसी के दौरान वाहन स्वामी अमरजीत पुत्र बृजलाल निवासी अकोढ़ा अमिलिया कला थाना मेजा को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपने अन्य साथियों चंद्रमा प्रसाद उर्फ दरोगा पुत्र बैजनाथ निवासी निरवाया पहाड़पुर मेजा रोड थाना मेजा जनपद प्रयागराज तथा बृजलाल पुत्र स्वर्गीय पुरुषोत्तम, निवासी अकोढ़ा अमिलिया कला थाना मेजा जनपद प्रयागराज के साथ मिलकर मदरहा स्टेशन के पास रेलवे लाइन काटकर चोरी करने एवं उसे लोडर में लादकर ले जाने की बात स्वीकार की। अभियुक्तों के स्वीकारोक्ति बयान एवं साक्ष्यों के आधार पर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई की गई है। रेल सुरक्षा बल द्वारा मामले में आगे की जांच की जा रही है।

# मेजारोड डीजीएस कार्यालय पर आयोजित रोजगार महोत्सव मेले में उमड़ा युवाओं का सैलाब

## डीजीएस परिवार की ओर से आयोजित इस भव्य एवं विशाल ऐतिहासिक रोजगार मेले में युवक और युवतियों ने बढ़ – चढ़कर किया प्रतिभाग, 37सौ युवाओं को मिला नौकरी का ऑफर लेटर खिल गए चेहरे, दिनभर रहा उत्साह का माहौल

### युवाओं को रोजगार से जोड़ना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना ही आयोजन का रहा मुख्य उद्देश्य : राजू शुक्ला

अखंड भारत संदेश







डीजीएस कार्यालय पर आयोजित रोजगार महोत्सव मेले में ऑफर लेटर प्राप्त करते युवा और पीछे खड़े अतिथिगण

**मेजा।** मेजारोड स्थित डीजीएस कार्यालय में शनिवार को आयोजित रोजगार महोत्सव मेले में युवाओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। निर्धारित समय सुबह 8 बजे के बजाय चयन प्रक्रिया करीब आधे घंटे देरी से शुरू हुई, लेकिन इसके बावजूद इस आयोजन को लेकर पूरे दिन उत्साह बना रहा। भाजपा नेता एवं क्षेत्र के लोकप्रिय जनसेवक इन्द्रदेव शुक्ला (राजू भैया) के नेतृत्व में आयोजित इस रोजगार मेले में देश के विभिन्न शहरों बेंगलुरु, चेन्नई, मुंबई, दिल्ली,लखनऊ,प्रयागराज और वाराणसी से आई करीब सैकड़ों कंपनियों के एचआर प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। रोजगार मेले में कुल 6780 अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया, जिसमें से 3700 युवाओं को विभिन्न कंपनियों द्वारा सीधे रोजगार के अवसर प्रदान किए गए। इस दौरान सुबह से ही युवक-युवतियों की लंबी कतारें डीजीएस कार्यालय के बाहर देखने को मिलीं। प्रवेश पत्र के आधार पर अभ्यर्थियों को अंदर भेजा गया, जहां कंपनियों के प्रतिनिधियों ने साक्षात्कार लेकर चयन प्रक्रिया पूरी की। चयनित अभ्यर्थियों को मौके पर ही नियुक्ति प्रमाण पत्र देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। महोत्सव के आयोजक इन्द्रदेव शुक्ला (राजू भैया) ने कहा कि इस रोजगार महोत्सव का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि आगे भी इसी तरह के आयोजन कर युवाओं को रोजगार से जोड़ने का प्रयास लगातार जारी रहेगा। महोत्सव के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर एसीपी मेजा एसपी उपाध्याय,इंस्पेक्टर दीनदयाल सिंह सहित क्षेत्र के विभिन्न थानों व चौकियों के भारी संख्य में पुलिस के जवान पूरी तरह मुस्तैद रहे। गौरतलब है कि युवाओं और आमजनमानस की भारी भीड़ के बावजूद भी सुरक्षा कर्मियों की सराहनीय सक्रियता की बदौलत संपूर्ण आयोजन शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।

इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष शिवदत्त पटेल, मांडवीशरण द्विवेदी, हेमंत द्विवेदी, जयशंकर पांडेय, अखिलेश मिश्रा, आशुतोष तिवारी (टिंकू), नीरज द्विवेदी, अंबुज मिश्रा, ओपी मिश्रा, शिवम दुबे तथा राकेश तिवारी आदि के अलावा हजारों की संख्या में डीजीएस परिवार के वॉलिंटियर ब्रिगेड भी चाक चौबंद व्यवस्था में लगे रहे।

# एसआरएन अस्पताल और मेडिकल कॉलेज का डीएम ने किया औचक निरीक्षण, निर्माण कार्यों की धीमी प्रगति पर जताई नाराजगी

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने शनिवार को मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह के साथ स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय (एसआरएन) और मेडिकल कॉलेज का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निमार्णाधीन परियोजनाओं की प्रगति, अस्पताल की व्यवस्थाओं और मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। डीएम ने कार्यदायी संस्थाओं को निर्माण कार्य समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निमार्णाधीन चिल्ड्रेन हॉस्पिटल का जायजा लिया। कार्य की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्माण में तेजी लाने के निर्देश दिए। डीएम ने गैस पाइपलाइन, ऑक्सीजन लाइन और बेड हेड पैनल का कार्य जून तक पूरा कर अस्पताल को सितंबर माह तक पूरी तरह क्रियाशील करने के निर्देश दिए। इसके बाद जिलाधिकारी ने कार्डियोलॉजी विभाग के विस्तार कार्य का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने बताया कि निर्माण कार्य लगभग 70 प्रतिशत पूरा हो चुका है और शेष कार्य अगस्त तक पूरा कर लिया जाएगा। कार्य में देरी के चलते ठेकेदार पर जुमार्ना भी लगाया गया है। डीएम ने भवन के प्रथम तल को जल्द उपयोग में लाने तथा निष्प्रयोज्य सामान हटाकर फिनिशिंग कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने गायनोलॉजी विभाग विस्तार और मानसिक रोग विभाग में चल रहे निर्माण कार्यों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिया कि भवन तैयार होने से पहले ही आवश्यक उपकरण और संसाधनों की खरीद प्रक्रिया पूरी कर ली जाए, ताकि भवन शुरू होने में देरी न हो।

क्रिटिकल केयर यूनिट निर्माण की समीक्षा के दौरान अधिकारियों ने बताया कि करीब 30 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे भवन का 80 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। जिलाधिकारी ने शेष बजट की मांग भेजने और निर्धारित समय में कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान डीएम ने पूरे अस्पताल परिसर का विस्तृत लेआउट तैयार करने, ट्रामा सेंटर स्थानांतरण का प्रस्ताव बनाने तथा मल्टीलेवल पार्किंग की योजना तैयार करने के निर्देश भी दिए। मेडिकल कॉलेज परिसर में निमार्णाधीन गर्ल्स हॉस्टल, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, जिमनेजियम और आवासीय भवनों की प्रगति का भी जायजा लिया गया।

जिलाधिकारी ने अस्पताल और मेडिकल कॉलेज प्रशासन को अनुशासन बनाए रखने, मरीजों और तीमारदारों के साथ बेहतर व्यवहार सुनिश्चित करने तथा साफ-सफाई, पेयजल, दवाओं और चिकित्सा सुविधाओं को चुस्त-दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मरीजों के इलाज में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# दृष्टिबाधित बेटियों की प्रतिभा का उत्सव आज, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सजेगी शाम

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** दृष्टिबाधित बालिकाओं की प्रतिभा, आत्मविश्वास और सांस्कृतिक कौशल को मंच देने वाला दिव्य ज्योति निकेतन का वार्षिक उत्सव रविवार शाम आयोजित होगा। कार्यक्रम सायं छह बजे सेंट जोसेफ कॉलेज के ऑडिटोरियम में होगा। संस्था दिव्य ज्योति निकेतन, नाजरेथ हॉस्पिटल सोसायटी की विशेष इकाई है, जो दृष्टिबाधित बालिकाओं के शिक्षण और सर्वांगीण विकास के लिए कार्य कर रही है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता बिशप लुईस मस्कारेन्हास करेंगे, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में हर्षवर्धन बाजपेई मौजूद रहेंगे। वार्षिक उत्सव में छात्राएं अपनी प्रतिभा का विविध रंगों में प्रदर्शन करेंगी। इसमें प्रार्थना नृत्य, बैलून डांस, डांडिया, कव्वाली, फ्यूजन डांस, ऑर्केस्ट्रा और महाभारत कथा जैसी प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी। इसके अलावा राजस्थानी नृत्य और देशभक्ति समूह गीत भी दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेंगे।

सामाजिक सरोकारों से जुड़े दूरियांह्व और कर्म का फल नाटकों के माध्यम से छात्राएं समाज को प्रेरक संदेश देंगी। कार्यक्रम में संस्था की प्रेरणादायी यात्रा पर आधारित एक डॉक्यूमेंट्री भी दिखाई जाएगी, जिसमें दृष्टिबाधित बालिकाओं के जीवन में आए सकारात्मक बदलावों को दशार्या जाएगा।

इस अवसर पर छात्राओं की शैक्षणिक उपलब्धियों को भी सम्मानित किया जाएगा। आईसीएसई और सीबीएसई परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को विशेष सम्मान दिया जाएगा।

संस्था प्रबंधन ने शहरवासियों, अभिभावकों और शुभचिंतकों से कार्यक्रम में शामिल होकर बालिकाओं का उत्साहवर्धन करने की अपील की है। प्रबंधन का कहना है कि लोगों की उपस्थिति छात्राओं के आत्मविश्वास और सपनों को नई उड़ान देगी।

# श्रीकृष्ण रुक्मिणी विवाह देखकर भाव-विभोर हुए चनेथू गांव निवासी

**जंघई।** चनेथू, शुक्लान गांव में मुख्य यजमान पंडित भानु प्रकाश मिश्र एवं राम सखी देवी के निवास पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह, गया जी का भात के अवसर पर श्रीमद्भागवत कथा में छठवें दिन शनिवार को कथा वाचक कुलगुरु श्रीशचंद्र पांडेय महाराज ने उधव चरित्र, महारासलीला व रुक्मिणी मंगल विवाह का संगीतमय वर्णन किया। महाराज ने कहा कि गोपियों ने भगवान श्रीकृष्ण से उन्हें पति रूप में पाने की इच्छा प्रकट की भगवान श्रीकृष्ण ने गोपियों की इस कामना को पूरी करने का वचन दिया। अपने वचन को पूरा करने के लिए भगवान ने महारास का आयोजन किया। इसके लिए शरद पूर्णिमा की रात को यमुना तट पर गोपियों को मिलने के लिए कहा गया। सभी गोपियां सज-धजकर नियत समय पर यमुना तट पर पहुंच गईं। कृष्ण की बांसुरी की धुन सुनकर सभी गोपियां अपनी सुध-बुध खोकर कृष्ण के पास पहुंच गईं। उन सभी गोपियों के मन में कृष्ण के नजदीक जाने, उनसे प्रेम करने का भाव तो जागा इसके बाद भगवान ने रास आरंभ किया। माना जाता है कि वृंदावन स्थित निधिवन ही वह स्थान है, जहां श्रीकृष्ण ने महारास रचाया था। यहां भगवान ने एक अद्भुत लीला दिखाई थी, जितनी गोपियां उतने ही श्रीकृष्ण के प्रतिरूप प्रकट हो गए सभी गोपियों को उनका कृष्ण मिल गया और दिव्य नृत्य व प्रेमानंद शुरू हुआ। रुक्मिणी विवाह का वर्णन करते हुऐ कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने सभी राजाओं को हराकर विदर्भ की राजकुमारी रुक्मिणी को द्वारका में लाकर उनका विधिपूर्वक पाणिग्रहण किया। आकर्षक वेश-भूषा में श्रीकृष्ण रुक्मिणी विवाह की झांकी प्रस्तुत कर विवाह संस्कार की रस्मों को पूरा किया गया कथा के साथ-साथ भजन संगीत भी प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर सैकड़ों लोगों ने कथा श्रवण करते हुए आरती प्रसाद ग्रहण किया। परिजनों में घनश्याम मिश्र, श्रीश्याम मिश्र, महावीर मिश्र, संगम लाल मिश्र, प्रदीप मिश्र, शशिकांत मिश्र, लक्ष्मीरतन, गंगाधर, शुभम, कृष्णा, सागर, अंश, हरिओम आदि लोग मौजूद रहे।




# नगर निगम में नवनिर्वाचित पार्षद ने ली शपथ, महापौर ने दिलाई जिम्मेदारी

अखंड भारत संदेश




**प्रयागराज।** नगर निगम प्रयागराज में शनिवार को नवनिर्वाचित पार्षद के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी ने पार्षद सचिन मिश्रा को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

शपथ ग्रहण कार्यक्रम महापौर कार्यालय में आयोजित हुआ, जहां नगर निगम के जनप्रतिनिधि और कर्मचारी मौजूद रहे। समारोह के दौरान महापौर ने नवनिर्वाचित पार्षद को जनहित में कार्य करने और नगर विकास में सक्रिय भूमिका निभाने की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर सभासद आशीष कुमार द्विवेदी, पार्षद राजू शुक्ला समेत नगर निगम के अन्य कर्मचारी और अधिकारी उपस्थित रहे। समारोह का माहौल सादगीपूर्ण और गरिमामय रहा।

# मिशन शक्ति टीम द्वारा चलाया गया मिशन शक्ति 5.0 अभियान

अखंड भारत संदेश



**थरवई।** महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उ0प्र0 सरकार द्वारा संचालित महत्वाकांक्षी योजना मिशन शक्ति 5.0 के द्वितीय चरण अभियान के तहत पुलिस आयुक्तप्रयागराज व अपर पुलिस आयुक्त प्रयागराज के निर्देशन में व पुलिस उपायुक्त गंगानगर कुलदीप सिंह गुनावत व अपर पुलिस उपायुक्त गंगानगर के कुशल पर्यवेक्षण में शनिवार को गंगानगर जोन के समस्त थानों की मिशन शक्ति टीमों ने अपने - अपने थाना क्षेत्रों के प्रमुख बाजारों, कस्बों, धार्मिक स्थलों एवं अन्य भीड़-भाड़ वाले सार्वजनिक स्थलों पर जाकर महिलाओं व बेटियों को उनके अधिकारों एवं सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में बताकर जागरुक किया गया । दिए गए हेल्प लाइन नंबरों में वूमेन पॉवर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन नंबर 181, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076, पुलिस आपात सेवा डायल 112 एवं साइबर हेल्प लाइन नंबर 1930 आदि पर जानकरी दी। टीम द्वारा बालिकाओं को साइबर सुरक्षा के सम्बंध में भी जानकारी देकर जागरुक किया गया एवं सोशल मीडिया को सावधानी पूर्वक प्रयोग करने के लिये भी सुझाव दिया गया । एवं बताया गया की अगर किसी भी शोहदों द्वारा परेशान करें तो आप ऐसे में बिल्कुल भी ना घबरायें और दिए गए हेल्प लाइन नंबरों का प्रयोग करने की बात कही। वहीं सरकार द्वारा चलाई जा रही महत्वाकांक्षी योजना कन्या सुमंगला योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना एवं मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना आदि पर विस्तार से जानकारी दी।

# विद्युत कटौती व डीजल पेट्रोल के दामों में बढ़ोत्तरी भाजपा सरकार की सबसे बड़ी असफलता : मोना

अखंड भारत संदेश




**लालगंज।** क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने शनिवार को रामपुरखास विधानसभा क्षेत्र के लोगों को विधायक निधि से निर्मित साढ़े चैदह लाख की लागत से इण्टरलाकिंग सड़कों की सौगात सौंपी। वहीं उन्होने दुग्ध उत्पादकों के संवाद कार्यक्रम में रामपुरखास में लघु रोजगार के ढांचे को मजबूत बनाने पर जोर दिया। विधायक आराधना मिश्रा मोना ने एक दिवसीय दौरे में प्रदेश खासकर जिले में चरमराई विद्युत व्यवस्था को लेकर सरकार की तगड़ी घेराबंदी भी की। रोहाड़ा में आयोजित जनसभा में बोलते हुए विधायक मोना ने कहा कि प्रदेश में सरकार के प्रबंधन में खामी के चलते आपूर्ति व्यवस्था ध्वस्त है। उन्होने कहा कि भीषण गर्मी में पूरे प्रदेश के साथ प्रतापगढ़ और रामपुरखास विधानसभा क्षेत्र में बिजली आपूर्ति ठप होने से लोग परेशान हैं। विधायक आराधना मिश्रा मोना ने डीजल एवं पेट्रोल तथा सीएनजी के दामों में रोज बढ़ोत्तरी को भी बढ़ती मंहगाई पर जनता के लिए असहनीय दर्द और बोझ कहा है। उन्होने कहा कि बिजली व्यवस्था पंगु है तथा डीजल व पेट्रोल एवं सीएनजी के दामों मे रोज बढ़ोत्तरी से बाजार में आम जनता से जुड़ी चीजें और मंहगी होती जा रही है। उन्होने मंहगाई और बिजली के कुप्रबंधन के लिए प्रदेश की भाजपा सरकार खरी खोटी सुनाते हुए इसके लिए सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। क्षेत्र के रोहाड़ा गांव में विधायक आराधना मिश्रा मोना ने रग्घू का पुरवा के लिए एक सौ चालीस मीटर लम्बे नौ लाख की लागत से इण्टरलाकिंग रोड का लोकार्पण किया। वहीं कलापुर में भी उन्होने साढ़े पांच लाख की लागत से विधायक निधि से निर्मित सौ मीटर इण्टरलाकिंग रोड का समारोहपूर्वक लोकार्पण किया। विधायक मोना के हाथों सड़क सौगात पाकर बड़ी संख्या में कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं में खुशी देखी गयी। दुग्ध उत्पादकों के साथ संवाद कार्यक्रम में सीएलपी नेता आराधना मिश्रा ने कहा कि रामपुरखास में सांसद प्रमोद तिवारी के सहयोग से सड़क तथा बिजली व पानी एवं शिक्षा के बेहतर प्रबन्ध इस क्षेत्र को रोजगार की दिशा में आकर्षण का पैकेज प्रदान करना है। उन्होने कहा कि विकास के साथ साथ यह क्षेत्र हर व्यक्ति के मान सम्मान की भी श्रेष्ठता की मिसाल है। वहीं विधायक मोना ने दुग्ध उत्पादन एसोसिएसन द्वारा आयोजित संवाद कार्यक्रम में युवाओं तथा महिलाओं को आर्थिक क्षेत्र में स्वावलंबन के लिए लघु उद्योगों के संचालन को बढ़ाने की बात कही। संवाद कार्यक्रम का संयोजन रोहित तिवारी एवं शिवम शर्मा ने किया। जनसभा की अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख इं. अमित प्रताप सिंह पंकज व संयोजन पूर्व प्रधान भइयाराम तिवारी तथा रामचंद्र तिवारी ने किया। पूर्व प्रमुख सुरेन्द्र सिंह ददन तथा ब्लाक अध्यक्ष केडी मिश्र ने जनसभा में क्षेत्रीय विकास से जुड़ी उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। संचालन साहित्यकार हरि बहादुर सिंह हर्ष ने किया। इसके पहले गांव पहुंचने पर सैकडों ग्रामीण महिलाओं ने विधायक आराधना मिश्रा मोना का माल्यार्पण कर स्वागत किया। वहीं विधायक आराधना मिश्रा मोना ने अचकवापुर, ओझा का पुरवा, वीरसिंहपुर तथा भकरा में भी लोगों से मुलाकात कर क्षेत्रीय विकास में सहयोग मांगा। विधायक मोना अझारा गांव में आयोजित अच्छेलाल मिश्र के संयोजन में श्रीशिवमहापुराण कथा में भी शामिल हुई। इस मौके पर गेंदा लाल शर्मा, राम सुंदर सरोज, नन्हें खां, छोटे सिंह, कुंवर ज्ञानेन्द्र सिंह, कबीरदास कोरी, समरजीत सिंह, हरिपाल ओझा, राजेश शुक्ला, पप्पू तिवारी, अतुल शुक्ल, देशराज यादव, सत्येन्द्र सिंह आदि रहे। वहीं विधायक मोना ने लालगंज स्थित कैम्प कार्यालय पर जनसमस्याओं की सुनवाई भी की। यहां उन्होने पार्टी कार्यकताओं के साथ बैठक कर संगठन सृजन अभियान की समीक्षा भी की। इस दौरान प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, आशीष उपाध्याय, भुवनेश्वर शुक्ल, छोटे लाल सरोज, आशीष कौशल, दारा सिंह, अतुल सिंह, रामू मिश्र, हृदय नारायण मिश्र, राजू पाण्डेय, सुनील पाण्डेय, राकेश चतुवेर्दी, अभिनव शुक्ल, त्रिभु तिवारी, सिंटू मिश्र, अजय शुक्ल गुडडू, आरपी वर्मा आदि रहे।

## सई में स्नान करते समय गहरे पानी में समाई युवती, मौत





### किशोर ने दिखलाया साहस, बची दो युवतियों की जान

**प्रतापगढ़।** सई नदी में स्नान करते समय गहरे पानी में समा जाने से युवती की मौत हो गयी। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। हालांकि संयोगात मौजूद एक किशोर के साहस के चलते दो युवतियों की जान बच गयी। लालगंज कोतवाली के उधरनपुर गांव में शनिवार की सुबह तीन लड़कियां सई के लोहारन का पुरवा घाट पर स्नान करने गयी थी। नहाते समय तीनों युवतियां अचानक गहरे पानी में डूबने लगी। संयोगात गांव का एक सोलह वर्षीय किशोर सागर नदी में नहा रहा था। लड़कियों को डूबता देख सागर ने साहस दिखलाते हुए रंजना 24 तथा काजल 18 पुत्रीगण राजकुमार कोरी को बचा लिया। हालांकि सतीश कोरी की उन्नीस वर्षीया पुत्री गरिमा गहरे पानी में समा गयीं। इधर गरिमा और रंजना तथा काजल काफी देर तक घर नही पहुंची तब परेशान परिजन तलाश में जुट गये। लड़कियों के सई में डूबने की बात गांव पहुंची तब गांव व आसपास के ग्रामीण काफी संख्या में घाट पर एकत्रित हो गये। इधर गरिमा को घंटो सई में खोजबीन के बाद बाहर निकाला जा सका। परिजन उसे लेकर आननफानन में लालगंज ट्रामा सेंटर पहुंचे। यहां चिकित्सकों ने गरिमा को मृत घोषित कर दिया। सई में लड़कियों के डूबने की खबर सुनकर लालगंज से फायर बिग्रेड भी पहुंच गयी। सूचना मिलने पर लालगंज पुलिस ट्रामा सेंटर पहुंची। यहां काफी देर तक परिजन शव का पीएम कराने को राजी नहीं हुए। पुलिस के समझाने बुझाने पर परिजन किसी तरह तैयार हुए तब पुलिस ने शव का पंचनामा कर जिला मुख्यालय भेजवाया।

## हीरागंज बाजार में अविमुक्तेश्वरानंद का हुआ भव्य स्वागत

**कुंडा।** हीरागंज बाजार में गोविष्ट यात्रा के पहुंचने पर श्रद्धालुओं एवं स्थानीय लोगों द्वारा जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का भव्य स्वागत किया गया। यात्रा डेरवा और राजापुर होते हुए हीरागंज बाजार पहुंची, जहां लोगों ने फूल-मालाओं से उनका अभिनंदन किया और जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय बना दिया।

इस दौरान स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने गौ संरक्षण और सनातन संस्कृति के संरक्षण का संदेश देते हुए गाय को राष्ट्र माता घोषित करने के संकल्प को दोहराया। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में गाय का विशेष महत्व है और इसके संरक्षण के लिए समाज के सभी लोगों को आगे आना चाहिए। यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं ने भक्ति गीतों और नारों के साथ उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य लोग, व्यापारी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।



### खड़ी ट्रक में घुसी पिकअप, चालक की मौत

**पट्टी।** सामान लेकर चंदौली गए एक युवक की वापस लौटते समय सड़क हादसे में मौत हो गई, जबकि उसका सहयोगी गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल का वाराणसी में इलाज चल रहा है, जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के घर में कोहराम मच गया और गांव में शोक की लहर दौड़ गई।नगर से सटे कुंदनपुर निवासी राजेश गौतम शिक्षामित्र हैं। उनके दो पुत्र हैं। छोटा पुत्र आशीष गौतम (21) पड़ोसी सधईपुर वार्ड निवासी एक युवक का पिकअप डाला चलाता था। बताया गया कि शुक्रवार को आशीष पिकअप से सामान लेकर चंदौली गया था। देर रात वहां से वापस लौटते समय वाराणसी के शिवपुर क्षेत्र के समीप उसका पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी ट्रक में पीछे से जा भिड़ा। टक्कर इतनी तेज थी कि पिकअप के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।आसपास के लोगों ने दोनों घायलों को वाहन से बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने आशीष गौतम को मृत घोषित कर दिया। वहीं उसके सहयोगी अरुण कुमार गौतम का इलाज वाराणसी में चल रहा है। उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।घटना की सूचना जैसे ही गांव पहुंची, मृतक के परिजनों में चीख-पुकार मच गई। आशीष का शव पोस्टमार्टम के लिए वाराणसी जिला अस्पताल भेज दिया गया है।

## बाजार से लौट रहे युवक को दबंगो ने पीटा, महिलाओं से की बदसलूकी

**कुंडा।** जनपद के महेशगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पुरमई सुल्तानपुर में दबंगई और मारपीट का एक गंभीर मामला सामने आया है। गांव के ही एक युवक पर शराब के नशे में धुत होकर एक परिवार के सदस्यों पर जानलेवा हमला करने और महिलाओं के साथ अभद्रता करने का आरोप लगा है। पीड़ित शिवाकान्त यादव द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार, घटना 22 मई 2026 की दोपहर करीब 1 बजे की है। पीड़ित का भाई शशिकांत यादव अपनी बुआ और उनकी बेटी के साथ बाजार से घर लौट रहा था। जैसे ही वे घर के पास पहुँचे, गांव के ही अनीष सरोज (पुत्र श्यामा सरोज) ने उन्हें रोक लिया। आरोप है कि अनीष सरोज शराब के नशे में था और उसने शशिकांत को देखते ही मां-बहन की भद्दी-भद्दी गालियां देनी शुरू कर दीं। विरोध करने पर आरोपी ने शशिकांत को लात-घूंसों और लोहे की सरिया (रॉड) से बुरी तरह पीटना शुरू कर दिया। हमले में शशिकांत के हाथ और पैर में गंभीर चोटें आई हैं। बीच-बचाव करने आई बुआ की लड़की को भी आरोपी ने तीन-चार थप्पड़ मारे और बुआ के साथ छेड़खानी व बदसलूकी की। जाते-जाते आरोपी ने पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी। घायल शशिकांत ने घर पहुँचकर परिजनों को आपबीती सुनाई, जिसके बाद बड़े भाई शिवाकान्त यादव ने महेशगंज थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित पक्ष ने पुलिस प्रशासन से आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने और न्याय दिलाने की गुहार लगाई है। मामले में थानाध्यक्ष महेशगंज संदीप कुमार त्रिपाठी का कहना है कि जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

### किशोरी को भगा ले गया युवक, पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**पट्टी।** डेई डीह धौरहरा गांव निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि उसकी 11 वर्षीय बेटी को उसकी इच्छा के विपरीत एक युवक जबरन अपने साथ अपने घर भाग ले गया। जहां पर उसके साथ अश्लील हरकत की। इस दौरान दोनों को जब आरोपी युवक की मां ने देखा तो उसने दोनों को मारा पीटा। इसके बाद युवक किशोरी को लाकर उसके गांव के बाहर छोड़कर भाग गया। किशोरी जब घर पहुंची तो परिजनों को आप बीती बताइ। इस मामले में पिता की तहरीर पर पुलिस ने जौनपुर जनपद के सरंपतहा थाना क्षेत्र के पट्टी नरेंद्रपुर गांव निवासी प्रदीप व उसकी मां चानी के विरुद्ध शनिवार की शाम 5रू30 बजे छेड़छाड़ मारपीट अपहरण व बाल संरक्षण अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। इस मामले में थाना अध्यक्ष आनंदपाल सिंह ने बताया कि किशोरी के पिता की तहरीर पर आरोपी युवक व उसके माँ के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। अन्य कारवाइयां की जा रही हैं।

## मलमास के सातवें दिन शनिवार को बाबा बेलखरनाथ धाम में उमड़ा आस्था का जनसैलाब

**पट्टी।** मलमास के सातवें दिन शनिवार को जनपद के प्रसिद्ध पौराणिक शिव धाम बाबा बेलखरनाथ में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही मंदिर परिसर और आसपास के मार्गों पर हर-हर महादेव के जयघोष गूंजते रहे। दूरदराज गांवों और पड़ोसी जिलों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की। मलमास के पावन अवसर पर साप्ताहिक मेले का आयोजन भी हुआ, जहां श्रद्धालुओं की भारी चहल-पहल देखने को मिली। मंदिर परिसर में भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं। श्रद्धालु गंगाजल, बेलपत्र, धतूरा और पुष्प अर्पित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना करते नजर आए। महिलाओं, बुजुर्गों और युवाओं में विशेष उत्साह दिखाई दिया। मेले में पूजा सामग्री, खिलौने, मिठाई और घरेलू सामानों की दुकानों पर भी लोगों की भीड़ उमड़ी रही। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर स्थानीय पुलिस और प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद दिखा। मंदिर परिसर में बैरिकेडिंग कर श्रद्धालुओं को व्यवस्थित ढंग से दर्शन कराया गया। श्रद्धालुओं का मानना है कि मलमास में बाबा बेलखरनाथ के दर्शन और जलाभिषेक से विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है। पूरे दिन धाम में भक्ति और श्रद्धा का माहौल बना रहा। इस दौरान समिति सदस्य आशीष कुमार, बद्रीनाथ गिरी, विश्वनाथ गिरी, उदय सिंह, रिंकू सिंह, शनि गिरी, विशाल, यशदीप पाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### चिकित्सा सेवा मानवीय सेवा का आधार : प्रो0 ओझा




**प्रतापगढ़।** नगर स्थित सरस्वती विज्ञान एवं प्रौद्यौगिकी नर्सिंग महाविद्यालय में शनिवार को फ्रेशर एवं फेयरवेल का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्रबंधक एवं प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रो0 शिवाकांत ओझा ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। बतौर मुख्य अतिथि प्रो0 ओझा ने चिकित्सा सेवा को मानवीय सेवा का सबसे महत्वपूर्ण पहलू बताया। वहीं नर्सिंग छात्राओं द्वारा राष्ट्रीय एकता एवं सेवा संकल्प के तहत मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। कार्यक्रम के संयोजक प्राचार्य डॉ0 सूर्यकांत त्रिपाठी ने उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। इस मौके पर डॉ0 बृजेन्द्र ओझा, डॉ0 शालिनी दुबे, डॉ0 श्याम सिंह, डॉ0 इन्द्रेश पाल आदि रहे।

### 12 श्रेणियों में राज्य स्तरीय पुरस्कार हेतु करें आवेदन

**प्रतापगढ़।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी अभय कुमार श्रीवास्तव ने बताया है कि 03 दिसम्बर 2026 हेतु विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर दिव्यांगता के क्षेत्र में उत्कृष्ठ कार्य करने वाले व्यक्तियोध्सरथाओ को पुरस्कार दिये जाते है। दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा ह्लराज्य पुरस्कारह्ल हेतु 12 विभिन्न श्रेणियो की व्यवस्था की गयी है। उन्होने बताया है कि राज्य स्तरीय पुरस्कार हेतु जिन 12 श्रेणियों का निर्धारण किया गया है उनमें दक्ष दिव्यांग कर्मचारीध्स्वनियोजित दिव्यांगजन के लिए, दिव्यांगजन हेतु सर्वश्रेष्ठ नियोक्ता तथा सर्वश्रेष्ठ प्लेसमेन्ट अधिकारी या एजेंसी के लिए सेवा योजको को, दिव्यांगजन के निमित्त कार्यरत सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति तथा सर्वश्रेष्ठ संस्था के लिये, प्रेरणास्त्रोत हेतु, दिव्यागजन के जीवन सुधारने के निमित्त सर्वश्रेष्ठ नवीन अनुसंधान या उत्पाद विकास के लिये, दिव्यांगजन हेतु बाधामुक्त वातारण के सृजन हेतु सर्वश्रेष्ठ कार्य के लिये, दिव्यांगजन को पुनर्वास सेवाएं प्रदान करने वाले सर्वश्रेष्ठ जिला के लिए, सर्वश्रेष्ठ सृजनशील दिव्यांग वयस्क व्यक्तियो एवं सर्वश्रेष्ठ बालकध्बालिका हेतु, सर्वश्रेष्ठ ब्रेसप्रेस के लिये, दिव्यांगजन के लिए सर्वोत्तम अनुकूल वेबसाइट हेतु, सर्वश्रेष्ठ दिव्यांग खिलाडियो के लिए, दिव्यांगजन के सशक्तीकरण हेतु कार्यरत अधिकारीध्कर्मचारी के लिये है। इच्छुक व्यक्ति एवं स्वैच्छिक संस्थान ह्लराज्य स्तरीय पुरस्कारह्ल हेतु आवेदन पत्र पूर्ण विवरण ह्लअभिलेखोध्प्रपत्रो के साथ 03 प्रतियो में अविलम्ब कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी प्रतापगढ़ कक्ष संख्या 25 में जमा कर सकते है।

### जिला उद्योग बन्धु की बैठक 26 मई को

**प्रतापगढ़।** उपायुक्त उद्योग एस0एस0 रावत ने बताया है कि जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक दिनांक 26 मई 2026 को अपरान्ह 4 बजे जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय के सभागार में आयोजित की जायेगी।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

**पट्टी।** तहसील क्षेत्र के बाबा बेलखरनाथ धाम विकासखंड अंतर्गत डड़वा गांव निवासी राम अवध अपने पड़ोस की महिला गीता देवी पत्नी इंद्रपाल के साथ प्रतापगढ़ जनपद स्थित कुशफरा शनिदेव धाम दर्शन करने जा रहे थे। बताया जाता है कि दोनों बाइक से पट्टी-रानीगंज मार्ग पर दिलीपपुर थाना क्षेत्र के गोंई गांव के समीप पहुंचे ही थे कि तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची डायल 112 पुलिस टीम के चालक गोविंद राम, कांस्टेबल दीपक तिवारी, कांस्टेबल प्रदीप यादव तथा प्रेम शंकर भारती ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को सड़क से गुजर रही अर्टिगा कार की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पट्टी पहुंचाया। सीएचसी पट्टी में डॉ. राजेन्द्र ने प्राथमिक उपचार के बाद राम अवध की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हादसे में राम अवध के चेहरे और सिर पर गंभीर चोटें आई हैं। वहीं घायल महिला गीता देवी का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पट्टी में चल रहा है।

### क्षेत्र के पेट्रोल पंपों से पेट्रोल-डीजल नदारत लौट रहे उपभोक्ता

**पट्टी।** इलाके में संचालित अधिकतर पेट्रोल पंप से पेट्रोल नदारत है। जहां से उपभोक्ता बैरंग वापस लौटने को मजबूर है। जिले में जहां पेट्रोलियम पदार्थों की किल्लत को लेकर न्यायकर्मी आज पैदल ही कोर्ट पहुंचे वहीं लगातार निर्देश के बावजूद भी लोग पेट्रोलियम पदार्थ के उपभोग में कमीज करते नजर नहीं आ रहे हैं। लोग पेट्रोल पंप का चक्कर लगाकर वापस लौट रहे हैं। पट्टी कस्बे से सेट अधिकतर पेट्रोल पंप से पेट्रोलियम पदार्थ नदारत है जिसको जहां भी पेट्रोल डीजल मिलने की सूचना मिल रही है वहां जाकर कम से कम अपनी गाड़ी की टंकी फुल करा रहा है। यदि किसी पेट्रोल पंप पर पेट्रोलियम पदार्थ मौजूद है तो पेट्रोल पंप संचालक ने लिमिट बांध रखी है की प्रति उपभोक्ता 200 रुपए से अधिक का पेट्रोलियम पदार्थ नहीं देंगे। फिलहाल धीरे-धीरे पेट्रोलियम पदार्थों की किल्लत बढ़ती हुई नजर आ रही है। इस संबंध में सपा के पट्टी नगर अध्यक्ष कैलाश सिंह ने शनिवार की शाम करीब 5रू00 बजे इस विषय में कहा कि अब अच्छे दिन आ गए हैं। भारत में पेट्रोलियम पदार्थों की कमी शीर्ष नेताओं के विदेश नीति को असफल होने की तरफ इशारा करता है। भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि अभी आने वाले दिनों में पेट्रोलियम पदार्थों की समस्या और बढ़ेगी। जिससे निपटने के लिए सरकार के पास कोई पुख्ता इंतजाम नहीं है। पेट्रोलियम पदार्थों की कमी के चलते महंगाई भी बढ़ाने के पूरे के पूरे आसार नजर आ रहे हैं।

### चोरी की घटनाओं को लेकर लालगंज व उदयपुर पुलिस ने दर्ज किया केस

**प्रतापगढ़।** चोरी की अलग अलग घटनाओं को लेकर लालगंज तथा उदयपुर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली क्षेत्र के पूरे वाचन लकुरी निवासी कालिका प्रसाद पाण्डेय के पुत्र रामशंकर पाण्डेय के घर बीती इक्कीस मई की रात अज्ञात चोरों ने कमरों का ताला तोडकर कीमती जेवरात उठा ले गये। वहीं परिवार के राजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय पुत्र गंगोत्री प्रसाद के घर में भी ताला तोडकर चोरी की घटना को बदमाशों ने अंजाम दिया। तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। वहीं उदयपुर पुलिस ने थाना क्षेत्र के सरईयां दर्रा गांव में हुई चोरी की घटना को लेकर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पीड़िता गांव की लीलावती देवी पत्नी जंगली सरोज ने दी गई तहरीर में कहा है कि बीती इक्कीस मई की रात अज्ञात चोरों ने ताला तोडकर घर से सोने चांदी के जेवरात व बर्तन तथा कपड़ों के साथ दस हजार की नकदी पर हाथ साफ कर दिया। तहरीर पर उदयपुर पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ चोरी का केस दर्ज किया है।

## अधिवक्ता परिषद के प्रांतीय अधिवेशन में पारित प्रस्तावों का समर्थन



**प्रतापगढ़।** अधिवक्ता परिषद अवध प्रतापगढ़ ईकाई के कार्यकारिणी सदस्यों व पदाधिकारियों की एक बैठक अधिवक्ता भवन में अध्यक्ष मनोज सिंह की अध्यक्षता व महामंत्री शिवेश कुमार शुक्ल के संचालन में हुई। बैठक में प्रमुख रूप से गत 16-17 मई 2026 को बहराइच जिले में सम्पन्न हुए अवध प्रांत का प्रांतीय अधिवेशन में अधिवक्ता बीमा और महिला अधिवक्ताओं से सम्बंधित पारित दोनों प्रस्तावों का सर्वसम्मति से समर्थन किया गया। परिषद के अध्यक्ष मनोज सिंह व महामंत्री शिवेश कुमार शुक्ल ने संयुक्त रूप से बताया कि अधिवक्ता बीमा के साथ ही न्यायालयो में महिलाओं के लिए सुविधाओं की उपलब्धता एवं न्यायपालिका में उनके प्रतिनिधित्व को सुनिश्चित किये जाने सम्बंधित दस सूत्रीय प्रस्ताव पारित किया गया है। पारित दोनों प्रस्तावों की प्रति अति शीघ्र समस्त बार को एवं जिला जज तथा न्यायिक अधिकारियों को सौंपा जायेगा। बैठक में प्रमुख रूप उपाध्यक्ष जया शर्मा, मंत्री विनीत शुक्ल, उदित गिरी,विजय, कोषाध्यक्ष भरत लाल वैश्य, मंत्री कुलवंत शर्मा, इंद्र कुमार दीपू सिंह, परिजात मिश्र,रुप नारायण सहित आदि रहे।

## हत्या के प्रयास के मामले में एक अभियुक्त गिरफ्तार, तमंचा व कारतूस बरामद

**पट्टी।** थाना आसपुर देवसरा पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त अवैध तमंचा व कारतूस बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार, 22 मई 2026 को थाना क्षेत्र के ग्राम मरगूपुर निवासी एक महिला ने तहरीर देकर आरोप लगाया था कि खेत में स्थित बबूल के पेड़ को काटने के विवाद को लेकर उसके देवर विजय सरोज के साथ विपक्षियों ने गाली-गलौज और मारपीट की। आरोप है कि आदर्श सरोज ने कुल्हाड़ी से विजय सरोज के सिर पर हमला कर घायल कर दिया। बीच-बचाव करने पहुंचे अन्य परिजनों के साथ भी लाठी-डंडे व धारदार हथियार से मारपीट की गई। घटना के बाद आरोपी तमंचा लहराते हुए मौके से फरार हो गया। मामले में थाना आसपुर देवसरा में मु0अ0सं0-129/26 धारा 110, 115(2), 352, 3(5) बीएनएस के तहत चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी आलोक कुमार व क्षेत्राधिकारी पट्टी मनोज कुमार रघुवंशी के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी राकेश चैरसिया के नेतृत्व में उपनिरीक्षक जयकिशुन यादव, उपनिरीक्षक संजय कुमार व कांस्टेबल कैलाश यादव की टीम ने मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र के सेतापुर प्राथमिक विद्यालय के पास स्थित बाग से आरोपी आदर्श सरोज पुत्र अनिल सरोज निवासी मरगूपुर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक अवैध देशी तमंचा 315 बोर व एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा 3/25 आर्म्स एक्ट की बढ़ोतरी की गई है। पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।




## युवक की मौत पर अज्ञात चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का केस

**प्रतापगढ़।** अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत हो लेकर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का केस दर्ज किया है। कोतवाली नगर प्रतापगढ़ के पूरे केशवराय निवासी ब्रम्हदेव शर्मा के पुत्र अम्बुज शर्मा ने लालगंज पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उसके चाचा का लड़का अनूप शर्मा पुत्र अशोक बीती बाइस मई को बाइक डिलेवरी के लिए लालगंज आ रहा था। दिन में करीब पौने चार बजे धधुआ गाजन स्थित हिमांचल का पुरवा मोड़ के समीप नेशनल हाइवे पर अज्ञात वाहन ने मृतक की बाइक को टक्कर मार दिया। दुर्घटना में युवक की मौत हो गयी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का केस दर्ज किया है।

## जनगणना में योगदान के लिए शिक्षिका को मिला सम्मान



**प्रतापगढ़।** तहसील सभागार में शनिवार को जनगणना अभियान में सराहनीय योगदान के लिए प्रगणक को समारोहपूर्वक सम्मानित किया गया। एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा व तहसीलदार गरिमा वर्मा ने जनगणना कार्य को एक ही दिन में पूरा करने के लिए शिक्षिका को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। लक्ष्मणपुर विकासखण्ड में एचएलओ स्मृति मिश्रा द्वारा एचएलबी संख्या ग्यारह सौ छाछठ की जनगणना का कार्य एक दिन में सम्पन्न किया गया। स्मृति लक्ष्मणपुर विकासखण्ड के रावतपुर प्राथमिक विद्यालय में सहायक अध्यापिका पद पर तैनात हैं। स्मृति द्वारा एक सौ चैरान्नवे घरों की गणना एक दिन में पूर्ण किया गया है। इस मौके पर अमीन संघ अध्यक्ष आशुतोष सिंह, सुरेश यादव, रश्मि आदि मौजूद रहे।

# दो अलग-अलग घरों से संदिग्ध परिस्थितियों में पंखे से लटके मिले प्रेमी युगल के शव

अखंड भारत संदेश

**दोनों मौत की मौके पर मिले साक्ष्य की बिन्दुवार जांच कराई गई तो प्रेमी युगल के एक साथ मौत के मामले में बड़ा खुलासा होगा**



**कोखराज कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के रामचौरा गांव में शनिवार की भोर प्रेमी युगल की संदिग्ध परिस्थितियों में आत्महत्या की कहानी की चर्चा तेजी से गांव में फैली तो प्रेमी युगल के आत्महत्या पर ग्रामीणों ने सवाल खड़े कर दिए हैं जिस तरह से अलग-अलग घरों के पंखों में प्रेमी युगल के आत्महत्या किए जाने की चर्चा बताई जा रही है वह किसी फिल्मी स्टोरी से कम नहीं है जिसका जवाब दोनों परिवार के लोग नहीं दे सके युवक और युवती द्वारा आत्महत्या कर लिए जाने की कहानी से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना के बाद गांव में भारी भीड़ जमा हो गई और दोनों परिवारों में कोहराम मच गया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने दोनों मृतकों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है लेकिन प्रेमी युगल की मौत के बाद तमाम सवाल खड़े हो गए हैं आखिर किन परिस्थितियों में प्रेमी युगल की पंखे से लटकती लाश मिली है यह बड़ी जांच का विषय है मृतकों की पहचान कुलदीप उम्र लगभग 23 वर्ष पुत्र चुन्नी लाल और कोमल उम्र लगभग 19 वर्ष पुत्री कंधई निवासी रामचौरा के रूप में हुई है। एक ही गांव के रहने वाले कुलदीप और कोमल का लंबे समय से प्रेम प्रपंच चल रहा था यह बात परिवार वाले लोगों को अच्छी नहीं लग रही थी लोक लाज और मान मर्यादा को लेकर दोनों परिवार प्रेमी युगल पर बंदिशे लगाता था लेकिन प्रेमी युगल एक दूसरे को छोड़ने को तैयार नहीं थे और इसी बीच बीती रात संदिग्ध परिस्थितियों में प्रेम युगल की मौत हो गई है ग्रामीणों को सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची भरवारी चौकी पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना कोखराज पुलिस का कहना है कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। परिजनों और ग्रामीणों से पूछताछ जारी है। पुलिस का कहना है कि प्रेमी युगल की मौत की वजह अभी स्पष्ट नहीं है फिलहाल आत्महत्या के पीछे की वजह सामने नहीं आई है। मौके की परिस्थितिया आत्महत्या की घटना से स्पष्ट इंकार कर रही है जिस तरह से अलग-अलग दोनों घरों के पंखे में प्रेमी युगल की आत्महत्या की कहानी बताई जा रही है वह किसी पिक्चर की कहानी से कम नहीं दिखाई पड़ रही है पंखे के कम नहीं टेढ़े हुए राड नहीं टेढ़े हुए हैं मौके पर गिरा हुआ स्टूल पंखे के नीचे नहीं था मृतकों की जीभ बाहर नहीं निकली थी एक रात में एक साथ दो घरों में अलग-अलग प्रेमी युगल की मौत को किसी ने देखा नहीं किसी ने सुना नहीं और दो लोगों की मौत हो गई इस पर भी बड़े सवाल खड़े हैं दोनों मौत की मौके पर मिले साक्ष्य की बिन्दुवार जांच कराई गई तो प्रेमी युगल के एक साथ मौत के मामले में बड़ा खुलासा होगा।

## एएसपी राजेश कुमार का मेरठ तबादला अमिता सिंह संभालेंगी नया कायर्भार

अखंड भारत संदेश

**शासन ने जारी किया आदेश, कानून-व्यवस्था को और सख्त करने की उम्मीद**




**कौशांबी।** जनपद में लंबे समय से तैनात अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार का तबादला मेरठ कर दिया गया है। शासन द्वारा जारी आदेश के मुताबिक उनकी जगह अब अपर पुलिस अधीक्षक के रूप में अमिता सिंह कौशांबी में कार्यभार संभालेंगी।पुलिस मुख्यालय लखनऊ से जारी तबादला सूची में राजेश कुमार को मेरठ में नई तैनाती दी गई है। वहीं अमिता सिंह को कौशांबी का नया अपर पुलिस अधीक्षक नियुक्त किया गया है। जल्द ही अमिता सिंह कौशांबी पहुंचकर अपना कार्यभार ग्रहण करेंगी।एएसपी राजेश कुमार का कार्यकाल कौशांबी में काफी सराहनीय रहा। उनके कार्यकाल में कई संगीन मामलों का खुलासा हुआ और अपराध नियंत्रण में काफी मदद मिली। अतिक्रमण हटाओ अभियान और महिला सुरक्षा को लेकर भी उन्होंने कई अहम कदम उठाए थे। मेरठ रवाना होने से पहले पुलिस अधिकारियों और कमर्चारियों ने उन्हें विदाई दी।नई अपर पुलिस अधीक्षक अमिता सिंह के कायर्भार संभालने के बाद जिले में कानून-व्यवस्था और महिला सुरक्षा को लेकर और सख्ती की उम्मीद जताई जा रही है। अमिता सिंह इससे पहले कई जिलों में तैनात रह चुकी हैं और तेज-तर्रार अधिकारी के रूप में जानी जाती हैं।एसपी कौशांबी सत्यनारायण ने बताया कि शासन के आदेश का पालन कराया जाएगा। राजेश कुमार का कार्यकाल अच्छा रहा। नई एएसपी अमिता सिंह के अनुभव का लाभ जिले को मिलेगा।

## एसपी ने थाना मंझनपुर में की जनसुनवाई



अखंड भारत संदेश

**थाना समाधान दिवस**

**कौशांबी।** थाना समाधान दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी सत्यनारायण द्वारा दिनांक 23.05.2026 को थाना मंझनपुर में जनसुनवाई की गई। इस दौरान फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा संबंधित अधिकारियों को प्राप्त प्रार्थना पत्रों का त्वरित एवं निष्पक्ष निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया।पुलिस अधीक्षक द्वारा राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों को समन्वय स्थापित कर संयुक्त टीम द्वारा मौके पर जाकर भूमि विवादों सहित अन्य शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि शिकायतों के निस्तारण में पारदर्शिता एवं संवेदनशीलता बनाए रखें तथा प्रत्येक प्रार्थना पत्र पर नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें।

## समाधान दिवस पर अपर पुलिस अधीक्षक ने की जनसुनवाई

**शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु दिए आवश्यक निर्देश**




**कौशांबी** अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी राजेश कुमार सिंह द्वारा दिनांक 23.05.2026 को थाना करारी में आयोजित समाधान दिवस के अवसर पर फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना गया। इस दौरान प्राप्त प्रार्थना पत्रों के गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष एवं समयबद्ध निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।अपर पुलिस अधीक्षक ने निर्देशित किया कि समाधान दिवस में प्राप्त होने वाली शिकायतों का निस्तारण पूरी पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ किया जाए तथा राजस्व एवं पुलिस विभाग से संबंधित मामलों में संयुक्त टीम द्वारा मौके पर जाकर जांच कर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। फरियादियों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें तथा प्रत्येक शिकायतकर्ता के साथ सम्मानजनक व्यवहार किया जाए।

## विधानसभा चुनाव लड़ने का संकेत दे गए शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** गविष्ठी गौरक्षार्थ यात्रा के साथ कौशाम्बी पहुंचे शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती बोले अंग्रेजों के बाद से स्थापित सरकारें गौमाता की रक्षा नहीं कर पा रही है इसलिए संकल्प उठाया है कि अब राजनीति में भी दम दिखाएंगे यूपी के गोरखपुर से 3 मई को गविष्ठी गौरक्षार्थ यात्रा के साथ निकले शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती शनिवार को कौशाम्बी पहुंचे,गौरक्षार्थ यात्रा का जिले की तीनों विधानसभाओं में जगह जगह स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।इस दौरान उन्होंने लोगो से गौमाता की रक्षा के लिए इस अभियान से जुड़ने की अपील की।उन्होंने कहा कि अंग्रेजों के समय में गौ माता को पशु कहा गया,दुर्भाग्य की बात है कि उनको भगा दिए जाने के बाद से जो भी स्थापित सरकारें है जो हमारे वोट लेती है और सरकार बनाती है,लेकिन वह हमारी गौमाता की रक्षा नहीं कर पा रही है।इसीलिए अब जन जन को इसके लिए निकलना पड़ रहा है।मीडिया के राजनीति में उतरने के सवाल पर उन्होंने कहा कि यदि कोई पाटी हमारी मांगों के समर्थन में आती है और गौमाता की लड़ाई लड़ने में हमारे साथ खड़ी होती है तो हम उसके साथ होंगे अन्यथा हम अलग से पूरे उत्तर प्रदेश में प्रत्येक विधानसभा में प्रत्याशी उतरेंगे और चुनाव लड़ेंगे। सत्तासीन पाटी द्वारा विरोधी दलों द्वारा फंडिंग किए जाने और बैक सपोर्ट दिए जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि यदि उनको लगता है कि कोई हमारे इस अभियान में फंडिंग कर रहा है अथवा बैकिंग कर रहा है तो उसको सामने लाए,पता करे उसका,झूठा आरोप लगाने से कुछ नहीं होता है,जनता जान चुकी है और इस बार रईस लोगो को सबक सिखाएगी। शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने मंझनपुर में शंकराचार्य चतुरंगिनी सेना के केंद्रीय कार्यालय का उद्घाटन भी किया।इस दौरान यात्रा के जिला प्रभारी सचिन द्विवेदी,सचिन पांडे,श्रवण केसरवानी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म का आरोप

**विरोध करने पर तीसरी मंजिल से फेका, गंभीर हालत में अस्पताल में भती**

**कौशाम्बी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र में एक युवक पर किशोरी को बहला फुसला कर पहले अपने प्रेम जाल में फसाने और फिर उसके साथ शारीरिक सम्बन्ध बनाने का आरोप लगा है। इतना ही नही युवक उससे शादी का दबाव बना रहा था इनकार करने पर तीसरी मंजिल से नीचे फेंक दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। पीड़िता का अस्पताल में इलाज चल रहा है मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र का आरोपी युवक गोलू दो दिन पहले युवती को बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया था। लड़की की तलाश करते हुए परिवार युवक के घर पहुचे तो जान से मारने की धमकी दी,धमकी से डर कर पीड़ित पिता थाने नहीं गया। आरोप है कि गोलू ने इस दौरान युवती के साथ दुष्कर्म भी किया। पीड़ित लड़की का कहना है कि लड़का दूसरे धर्म का है इस लिए उसने शादी से इनकार कर दिया। लेकिन युवक जबरन शादी करना चाहता था। विरोध करने पर उसे तीसरी मंजिल से नीचे फेंक दिया। गंभीर हालत में युवती को अस्पताल में भती कराया गया है। जहा गंभीर हालत में युवती का इलाज़ चल रहा है।सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और आरोपी की तलाश की जा रही है।

## आवंटित खाद्यान्न का निः शुल्क वितरण 25 मई से 2026 से 10 जून 2026 के मध्य किया जाएगा

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अन्तंर्गत आवंटित खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण दिनांक 25. मई 2026 से 10 जून 2026 के मध्य किया जाएगा।जिला पूर्ति अधिकारी मंगेश कुमार मौर्य जनपद कौशाम्बी के समस्त राशन कार्डधारकों को सूचित किया है कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत माह जून 2026 में अन्त्योदय कार्डधारकों प्रति कार्ड 14 किग्रा गेंहू, 21 किग्रा चावल तथा पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को प्रति यूनिट 02 किग्रा0 गेंहू, 02 किग्रा० चावल एवं 01 किग्रा बाजरा का वितरण किया जाएगा। बाजरा का स्टाक समाप्त होने के उपरान्त उसके स्थान पर चावल का वितरण किया जाएगा। वितरण दिवसों में उचित दर की दुकानों पर खाद्यान्न वितरण का कार्य सुनिश्चित किया जायेगा। वितरण के दौरान उचित दर विक्रेता द्वारा प्रतिदिन एक निश्चित संख्या में टोकन कार्डधारकों में वितरित किया जाएगा और समय की उपलब्धता एवं ई-पास मशीनों से हो पा रहे वितरण के अनुरूप उसमें अपेक्षित परिवर्तन करते हुए खाद्यान्न वितरण का कार्य पारदशी तरीके से सुनिश्चित किया जाएगा। मोबाईल ओ.टी.पी. के माध्यम से वितरण की अन्तिम तिथि दिनांक 10 जून 2026 रहेगी। पोर्टबिलिटी के अन्तर्गत खाद्यान्न वितरण की सुविधा उचित दर विक्रेता के स्टाक में उपलब्ध खाद्यान्न की सीमा तक होगी। राशन कार्डधारकों से अपील की जाती है कि वे उचित दर विक्रेता को अपेक्षित सहयोग प्रदान करते हुए नियमानुसार आवश्यक वस्तुयें प्राप्त करें। किसी भी कार्डधारक को राशन प्राप्त करने में असुविधा होती है तो इसके लिए सम्बन्धित क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी/पूर्ति निरीक्षक से सम्पर्क करें।

## टेढ़ीमोड़ पर एनएचएआई के आदेश की उड़ी धज्जियां, हटाने के बाद भी सज जाती हैं दुकानें, दबंगई पर उतारू दुकानदार



**टेढ़ी मोड़ कौशाम्बी** कोखराज थाना क्षेत्र के कल्याणपुर टेढ़ीमोड़ शहजादपुर पुल के नीचे एनएचएआई के आदेशों को ठेंगा दिखाया जा रहा है। यहां दुकानदारों की दबंगई के आगे एनएचएआई अधिकारी भी बेबस नजर आ रहे हैं। एनएचएआई की टीम के अतिक्रमण हटाने के बाद जैसे ही अधिकारी पीछे हटते हैं, एक मिनट में ही दुकानदार फिर से अपनी दुकानें सजा लेते हैं। एक दुकानदार को नोटिस भी जारी हो चुका है,लेकिन खौफ नाम की कोई चीज नहीं है। आज तीसरी बार अतिक्रमण हटाने के बाद भी दुकानदारों ने फिर से अतिक्रमण कर लिया। मामला कोखराज थाना क्षेत्र के टेढ़ीमोड़ का है।शहजादपुर पुल के नीचे सर्विस रोड और एनएचएआई की जमीन पर अवैध रूप से दुकानें सजी हुई हैं। इससे आए दिन जाम की स्थिति बनती है और हादसों का खतरा भी बना रहता है। एनएचएआई के अधिकारियों ने कई बार यहां से अतिक्रमण हटवाया,लेकिन दुकानदार मानने को तैयार नहीं हैं।स्थानीय लोगों का कहना है कि एनएचएआई की टीम के जाते ही दुकानदार फिर से अपनी-अपनी दुकानें सजा लेते हैं। एक दुकानदार को एनएचएआई द्वारा नोटिस भी जारी किया जा चुका है, इसके बावजूद वह दबंगई पर उतारू है। आज एनएचएआईने तीसरी बार मौके पर पहुंचकर अतिक्रमण हटाया, लेकिन टीम के लौटते ही दुकानें फिर से सज गईं। दुकानदारों को न तो एनएचएआई का डर है और न ही कारर्वाई का खौफ है।

## अपने घर के अंदर ही की जाए कुर्बानी : कोखराज थानेदार

**कोखराज कौशांबी।** आगामी बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए कौशांबी पुलिस अलर्ट मोड में आ गई है। शनिवार को थाना कोखराज परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी चंद्र भूषण मौर्य ने की।बैठक में क्षेत्र के ग्राम प्रधान,धमर्गुरु,समाजसेवी,संभ्रांत नागरिक और दोनों समुदायों के लोग मौजूद रहे।थाना प्रभारी ने साफ कहा कि कुर्बानी अपने घर के अंदर ही की जाए। सार्वजनिक स्थान पर कुर्बानी न हो। बड़े जानवरों की कुर्बानी के लिए प्रशासन से पहले अनुमति लेना अनिवार्य होगात्योहार के दिन किसी तरह की अफवाह न फैलाएं। शांति व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी।सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक,भड़काऊ पोस्ट या वीडियो डालने वालों को चिन्हित कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। साइबर सेल लगातार निगरानी कर रही है।पुलिस ने चेतावनी दी कि त्योहार के दौरान हुड़दंग करने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा।थाना प्रभारी चंद्र भूषण मौर्य ने सभी से आपसी भाईचारा बनाए रखने और पुलिस-प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं। किसी को कोई समस्या हो तो तुरंत पुलिस को सूचना दें।बकरीद को लेकर थानाक्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा। संवेदनशील इलाकों में गश्त बढ़ा दी गई है।

## थाना दिवस पर संदीपन घाट थाना में थाना प्रभारी ने सुनी फरियादियों की समस्या



**थाना दिवस पर आये 5 शिकायतों का मौके पर निस्तारण**

**हर्रायपुर कौशाम्बी** संदीपन घाट थाना परिसर में थाना दिवस का आयोजन शनिवार को किया गया, संदीपन घाट थाना में थाना दिवस पर थाना प्रभारी ने फरियादियों की समस्या सुनी फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुन कर थाना प्रभारी इंद्रदेव ने राजस्व व पुलिस टीम के साथ शिकायतों के निस्तारण का निर्देश दिया थाना दिवस में कुल 5 प्राथर्ना पत्र प्राप्त हुए,जिनमें से 5 मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष मामलों के जल्द समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। थाना प्रभारी इंद्रदेव ने कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित एवं निष्पक्ष समाधान प्राथमिकता है।

### थाना प्रभारी ने समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याओं को सुना दिए दिशा निर्देश

**कोखराज कौशांबी** थाना समाधान दिवस पर समस्याओं के प्रभावी निस्तारण हेतु फरियादियों ने अपनी समस्याओं को एसओ को प्रस्तुत किए थाना प्रभारी चन्द्र भूषण मौर्या व क्राइम इंस्पेक्टर विनय विक्रम सिंह, शाह आलम,अरुण कुमार द्वारा अत्यंत ध्यानपूर्वक सुना गया मामलों की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी ने आदेश दिया कि मौके पर जाकर त्वरित और निष्पक्ष जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों का निस्तारण केवल कागजी न होकर गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए,जिससे पीड़ित व्यक्ति को वास्तविक न्याय और राहत मिल सके। सभी पुलिस कर्मचारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत को समयबद्ध तरीके से निस्तारण किया जाए मौके पर 10 लोगों ने अपनी शिकायत दर्ज कराई जिसमें 03 मामलों को मौके पर निस्तारण कराया मौके पर उपस्थिति राजस्व कमी कानून गो लव प्रसाद द्विवेदी, अनुराधा वर्मा, पूनम पाल अपर्णा श्रीवास्तव, कमल सिंह, जगदीश यादव, दिलीप कुमार,पूनम मौर्य, नेहा जैन , सोहन लाल आदि उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### तरसौरा अग्निकांड पीड़ितों से मिली विधायक पल्लवी पटेल



**टेढ़ीमोड़ कौशाम्बी** सिराथू तहसील क्षेत्र के तरसौरा गांव में हुए भीषण अग्निकांड के बाद शनिवार को सिराथू विधायक पल्लवी पटेल पीड़ित परिवारों के बीच पहुंचीं। उन्होंने आग से प्रभावित परिवारों का हालचाल जाना, उनका दुख बांटा और आर्थिक सहायता के साथ राशन सामग्री वितरित की। विधायक ने प्रशासन से घटना की गंभीरता से जांच कराकर पीड़ितों को उचित मुआवजा दिलाने की मांग भी की है बीते दिनों तरसौरा गांव में अज्ञात कारणों से अचानक आग लग गई थी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और दजर्नों घर इसकी चपेट में आ गए। आग लगने से कई परिवारों की गृहस्थी जलकर राख हो गई। लोगों के कपड़े,अनाज, बर्तन और जरूरी सामान जल जाने से ग्रामीणों को भारी नुकसान उठाना पड़ा।अग्निकांड की सूचना के बाद आज सिराथू विधायक पल्लवी पटेल गांव पहुंचीं। उन्होंने पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। इस दौरान विधायक ने करीब एक दर्जन प्रभावित परिवारों को राशन सामग्री और आर्थिक सहयोग भी प्रदान किया।

### रेलवे ट्रैक पर मिला अज्ञात युवक का शव



**कौशाम्बी** चरवा थाना क्षेत्र के सैयद सरावां पुलिस चौकी के पास रेलवे ट्रैक पोल नंबर 302/5 शनिवार की भोर 4 बजे एक अज्ञात युवक का शव मिला है रेलवे लाइन पर शव मिलने से इलाके में सनसनी मच गई लोगों ने शव देख कर पुलिस को सूचना दी है सूचना पर पहुंची चरवा थाना पुलिस जांच में जुटी हुई है तमाम प्रयास के बाद भी मृतक युवक की शिनाख्त नहीं हो सकी है पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है जिले के विभिन्न क्षेत्रों में अज्ञात लाशे मिलने का सिलसिला नहीं रुक रहा है

### व्यापार मंडल तिल्हापुर मोड़ ने वितरण कराया शरबत



**तिल्हापुर मोड़ कौशाम्बी** तपन भरी भीषण गमी को देखते हुए व्यापार मंडल तिल्हापुर मोड़ कौशाम्बी के पदाधिकारियों ने शनिवार को तिल्हापुर मोड़ में ठंडा शरबत वितरण का कार्यक्रम रखा इस मौके पर आने जाने वाले राहगीरों को और वाहनों में सवार लोगों को रोककर व्यापार मंडल तिल्हापुर मोड़ के पदाधिकारियों ने ठंडा शरबत पिलाया गया शरबत वितरण कार्यक्रम में अध्यक्ष सुभाष चंद्र केसरवानी वरिष्ठ उपाध्यक्ष मदन कुमार केसरवानी,सूर्य प्रकाश (प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र)],राजेश यादव,ऋषभ सिंह,फैजान अहमद,राजकुमार, आशुतोष केसरवानी(अंशु),मोहित सोनी,राहुल केसरवानी,विनोद साहू, सत्यम केसरवानी, मोहम्मद शहजादे,राजू केसरवानी आदि व्यापारियों के सहयोग से तिल्हापुर मोड़ पर शरबत वितरण का कार्यक्रम चला है

### थाना मंझनपुर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित



**कौशाम्बी** आगामी त्यौहार बकरीद के दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी मंझनपुर शिवांक सिंह एवं उपजिलाधिकारी मंझनपुर आकाश सिंह द्वारा थाना मंझनपुर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियों,धमर्गुरुओं, जनप्रतिनिधियों एवं व्यापारियों के साथ संवाद स्थापित कर त्योहार को शांतिपूर्ण,सौहार्दपूर्ण एवं भाईचारे के वातावरण में मनाने की अपील की गई।बैठक के दौरान अधिकारियों द्वारा उपस्थित लोगों को शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों से अवगत कराते हुए बताया गया कि त्योहार के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। सोशल मीडिया पर भ्रामक अथवा आपत्तिजनक पोस्ट प्रसारित न करने,अफवाहों पर ध्यान न देने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस प्रशासन को देने हेतु जागरूक किया गया जनपद में शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस एवं प्रशासन पूरी तरह सतर्क एवं प्रतिबद्ध है। सभी से आपसी सौहार्द एवं सहयोग बनाए रखते हुए बकरीद का पर्व शांतिपूर्वक मनाने की अपील की गई।

### उप जिलाधिकारी ने ग्राम बरियावा में भूमि विवाद की शिकायतों का मौके पर ही कराया निस्तारण




**कौशांबी** राजस्व टीम कौशाम्बी द्वारा टॉप 10 भूमि विवादों का मौके पर समाधान अभियान के अंतर्गत एसडीएम चायल अरुण कुमार ने शनिवार को ग्राम बरियावा में कैम्प आयोजित कर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा भूमि विवाद से संबंधित शिकायतों का ग्राम स्तर पर ही त्वरित निस्तारण सुनिश्चित कराया। कैम्प में शिकायतकर्ता गंगा प्रसाद मौर्य ने पुश्तैनी भूमि पर जबरन कब्जा किए जाने की शिकायत की थी, राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने जांच में पाया कि प्रकरण पारिवारिक विवाद से संबंधित है। सुलह समझौते के आधार पर विवाद को निस्तारित करने का प्रयास किया गया, दोनों पक्षों की असहमति पर कहा गया कि न्यायालय में वाद योजित कर अनुतोष प्राप्त करें। इसी प्रकार शिकायतकर्ता दशरथ लाल ने मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के संबंध में शिकायत की थी, जिस पर बताया गया कि पत्रावली अग्रिम कार्यवाही के लिए प्रेषित की गई है। शिकायतकर्ता चमेली देवी ने तालाब पर अवैध कब्जे की शिकायत की थी, तालाब की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराए जाने के लिए धारा 67 की कार्यवाही की जा चुकी है।उप जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि भविष्य में भी इसी प्रकार संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ जनता की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाए।

### पत्नी को पीटने वाला युवक भाई के साथ गिरफ्तार

**कौशांबी।** सराय अकिल थाना क्षेत्र के तरनी तरना गांव की विवाहिता रीता ससुराल की प्रताड़ना से पीड़ित होकर के अपने मायके कमालपुर में रहती है विवाहिता के पति महेन्द्र अपने भाई के साथ विवाहिता के मायके ग्राम कमालपुर में दिनांक 19.05.2026 को पहुंचे और डण्डे से विवाहिता के साथ मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी तहरीर के आधार पर थाना सराय अकिल पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत हुआ उपरोक्त क्रम में दिनांक 22.05.2026 को थाना सराय अकिल पुलिस ने मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित 02 वांछित अभियुक्तों महेन्द्र वा उसके भाई नाके उर्फ बिहारी पुत्रगण कलऊ निवासी तरनी तरना थाना सराय अकिल को मीरापुर मोड़ के पास से गिरफ्तार किया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

### चरवा थाना पुलिस ने वारण्टी अभियुक्त किया गिरफ्तार

**कौशांबी** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये गये अभियान के क्रम में थाना चरवा पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 80/2010 धारा 279/337/338 भादवि थाना चरवा से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त गुड्डू उर्फ रूपचन्द्र पुत्र कन्धई लाल निवासी भैरो भीटी थाना चरवा जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

# सम्पादकीय

## कब तक कुर्बान होंगी नववधुएं

**दीपिका** नागर और ट्विशा शर्मा की कथित हत्या या आत्महत्या, दहेज के लिए उत्पीड़न और ससुराल पक्ष के अत्याचार की दो खबरें इस समय काफी सुर्खियों में हैं। यह हमारे देश और समाज की कड़वी सच्चाई है कि महिला सशक्तीकरण के लिए बने सारे नियम-कानून महिला उत्पीड़न के बढ़ते आंकड़ों के सामने प्रभावहीन नजर आते हैं। दहेज की कुप्रथा को रोकने के लिए 1 जुलाई 1961 से ही दहेज निषेध अधिनियम, 1961 लागू है। जिसके तहत दहेज लेना और देना दंडनीय अपराध है। दहेज प्रथा को बढ़ावा देना भी गैरकानूनी है और मौखिक या लिखित किसी भी तरह से दहेज के लेन-देन से संबंधित कोई भी समझौता करना भी कानूनन अमान्य है। इस कानून के उल्लंघन पर बाकायदा जुमार्ना और जेल दोनों का प्रावधान है। सभ्य समाज चाहे तो इस कानून का पालन कर लड़कियों के लिए एक सुरक्षित माहौल और भविष्य बना ले। लेकिन जिस समाज में लड़की होना ही अघोषित तौर पर अपराध बना हुआ है, वहां ऐसी कोई भी उम्मीद बेकार ही है।

2026 में आकर भी हमें संदिग्ध हालात में ससुराल में नवविवाहिताओं की मौत पर चर्चा करनी पड़ रही है। यही हाल पिछली सदी का भी था, तब एक गंभीर बात मजाक की तरह कही जाने लगी थी कि सारे स्टोव दुल्हनों के सामने ही क्यों फटते हैं। क्योंकि उस समय कई बहुएं स्टोव फटने के कारण जलकर मर जाती थीं। उनके ससुराल वाले मायके में खबर करते थे कि आपकी बेटी जल गई। अब स्टोव नहीं है, तो मानसिक तौर पर बीमार होने के कारण सामने आने लगे हैं।

भोपाल में ट्विशा शर्मा की कथित आत्महत्या के पीछे भी उनकी सास रिटायर्ड जज गिरिबाला सिंह ने यही बताया है कि ट्विशा मानसिक रोगी थी। गौरतलब है कि नोएडा की रहने वाली ट्विशा की शादी भोपाल में समर्थ सिंह से हुई थी। बीती 12 मई को रात को अचानक ट्विशा की मौत की खबर उनके परिजनों को दी गई। ससुराल पक्ष ने कहा है कि ट्विशा ने फांसी लगा ली, वहीं पुलिस ने भी शुरूआती जांच में इसे आत्महत्या माना है, लेकिन मृतका के परिवार ने इसे सोची-समझी साजिश करार दिया है। परिवार का आरोप है कि शादी के बाद से ही ट्विशा पर नौकरी छोड़ने और गर्भवती होने को लेकर लगातार मानसिक और शारीरिक दबाव बनाया जा रहा था। बताया जा रहा है कि मौत से ठीक पहले ट्विशा ने अपनी एक सहेली को फोन पर कई संदेश भेजे थे, जिसमें अपने उत्पीड़न की बात उन्होंने कही थी। एम्स भोपाल में मौत के बाद ट्विशा का पोस्टमार्टम हुआ, जिसकी रिपोर्ट में पुष्टि हुई है कि ट्विशा की मौत फांसी लगाने से हुई थी। उनके शरीर पर कोई बड़ी चोट के निशान तो नहीं हैं, लेकिन उनके हाथ समेत शरीर के कुछ हिस्सों पर चोट के निशान भी पाए गए हैं। रिपोर्ट में यह भी सामने आया है कि मौत से करीब एक हफ्ते पहले ट्विशा का गर्भपात हुआ था। पुलिस अब यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि ये चोटें कैसे आईं। 12 मई को जब ट्विशा शर्मा कथित तौर पर घर की छत पर जिमनास्टिक रिंग की रस्सी के सहारे लटकी हुई मिली तो ससुराल वाले उन्हें तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद ट्विशा के मायके वालों की शिकायत पर पुलिस ने ट्विशा के पति समर्थ सिंह और सास गिरिबाला सिंह के खिलाफ दहेज हत्या और प्रताड़ना का मामला दर्ज किया था।

# ही ही-खी खी कूटनीति ने भारत का बनाया मजाक

**सर्वमित्रा सुरजन**

**इस** महंगाई की सबसे पहली मार पोषण पर ही पड़ती है, खासकर महिलाओं और बच्चों के कुपोषित होने की आशंका सबसे अधिक रहती है। सोना न खरीदने या विदेश न जाने की अपील तो उस समृद्ध तबके को ही परेशान करेगी, जिसके पास बढ़ती महंगाई के बावजूद इन चीजों पर खर्च करने की गुंजाइश रहती है। विदेश न जाने या सोना न खरीदने के बावजूद उनके रोजमर्रा के खान-पान पर कोई खास असर नहीं पड़ने वाला है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ठान रखा है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश को शर्मसार करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। विदेशी राष्ट्राध्यक्षों के साथ उनकी ही ही-खी खी और जबरन गले पड़ना ही काफी नहीं था कि अब मेलोडी टॉफी बांटकर अंतरराष्ट्रीय संबंधों को साधा जा रहा है। हमें नहीं मालूम कि प्रधानमंत्री का असल बचपन किस अवस्था में गुजरा, लेकिन जब वे 6-7 बरस के रहे होंगे यानी सन् 56-57 में, तब विद्यालयों में जन्मदिन के मौकों पर संगी-साथियों और शिक्षकों को टॉफी बांटने का चलन भी नहीं था। यह बाद का चलन है और आज कई स्कूलों में जन्मदिन के मौके पर बच्चे टॉफी का पैकेट लेकर जाते हैं, अपनी कक्षा के बच्चों को खिलाते हैं और साथ ही स्कूल के सभी शिक्षकों को भी। यह कोई अनिवार्यता नहीं है, लेकिन बच्चों की खुशियां बांटने का एक ढंग है। आम तौर पर मेलोडी या कॉफी बाइट जैसी टॉफियों के पैकेट ही बच्चे ले जाते हैं, क्योंकि यह ज्यादा महंगी नहीं पड़ती है। नरेन्द्र मोदी ने पारले कंपनी की इसी मेलोडी टॉफी के पैकेट को अब इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी को भेंटस्वरूप दिया है। सवाल है कि क्या नरेन्द्र मोदी बचपन में स्कूल में टॉफी न बांट पाने की कसक को 75 बरस की उम्र में पूरा कर रहे हैं, या मेलोनी से अपनी निजी दोस्ती को वे सोशल मीडिया के जरिए प्रचारित-प्रसारित कर रहे हैं या कूटनीति को लेकर उनकी समझ इतनी हल्की है जिसे वे टॉफी के रैपर में लपेट कर पेश कर रहे हैं।

पाठकों को बता दूं कि मेलोनी और मोदी के नामों को मिलाकर हैशटैग मेलोडी तीन सालों से सोशल मीडिया पर चल रहा है। 2023 में हुए कॉप 28 समिट में मेलोनी ने मोदी के साथ सेल्फी शेयर की थी और तब इस हैशटैग का इस्तेमाल किया था। तब से दोनों नेताओं की जब भी मुलाकात होती है, इंटरनेट पर मेलोडी हैशटैग के साथ मीम्स और चुटकुले आने लगते हैं। सोशल मीडिया की दुनिया यही है कि यहां गंभीर से गंभीर विषय भी मजाक में कब तब्दील हो जाए, पता नहीं चलता। लेकिन भारतीय परंपरा और संस्कृति की बार-बार दुहाई देने वाले मोदी क्या नहीं जानते कि एक स्त्री और एक पुरुष का नाम कब और क्यों साथ में जोड़ा जाता है, या लिखा जाता है। अगर सोशल मीडिया दो देशों के प्रधानमंत्रियों (जिसमें दोनों जीवनसाथी रहित हैं) को लेकर ऐसे सस्ते मजाक कर रहा है, तो क्या यह जरूरी है कि प्रधानमंत्री उस मजाक को आगे बढ़ाएं और सोशल मीडिया पर समय बिताने वालों को प्रोत्साहित करें कि वे आगे इसी तरह मस्ती-मजाक में कूटनीति जैसे गंभीर विषय को उपेक्षित होने दें।

20 मई की सुबह जब सोशल मीडिया एक्स पर प्रधानमंत्री मोदी की मेलोनी को मेलोडी भेंट करते हुए वीडियो देखा तो एकबारगी यकीन नहीं हुआ कि यह सच है, लेकिन ऐसा ही था। खुद मेलोनी ने इसे अपने सोशल मीडिया पर डाला और अब इंटरनेट पर यह चर्चा में है। वीडियो में नजर आ रहा है कि नरेन्द्र मोदी ने नीले बंद गले के सूट में मेलोनी को टॉफी का बैग थमाया, जबकि मेलोनी सफेद सूट में थीं। मेलोनी ने इस वीडियो को एक्स पर शेयर करते हुए लिखा, 'उपहार के लिए धन्यवाद। वीडियो में मेलोनी कहती सुनाई दे रही हैं,' उन्होंने हमें एक बहुत ही अच्छी टॉफी गिफ्ट की। इसके बाद दोनों नेता जोर-जोर से हंस पड़े। यह क्लिप पोस्ट होने के एक घंटे के अंदर लगभग 10 लाख लोगों ने इसे देखा, जिस पर हजारों प्रतिक्रियाएं लिखी गईं।

मोदी की यह हंसी गरीब जनता के जख्मों पर नमक छिड़कने के समान लग रही है, जो पेट्रोल-डीजल, सीएनजी, गैस सिलेंडर, दूध, ब्रेड सब कुछ महंगा होने पर परेशान है कि घर के खर्चों को कैसे पूरा किया जाएगा। इस महंगाई की सबसे पहली मार पोषण पर ही पड़ती है, खासकर महिलाओं और बच्चों के कुपोषित होने की आशंका सबसे अधिक रहती है। सोना न खरीदने या विदेश न जाने की अपील तो उस समृद्ध तबके को ही परेशान करेगी, जिसके पास बढ़ती महंगाई के बावजूद इन चीजों पर खर्च करने की गुंजाइश रहती है। विदेश न जाने या सोना न खरीदने के बावजूद उनके रोजमर्रा के खान-पान पर कोई खास असर नहीं पड़ने वाला है। लेकिन गरीब आदमी तो सबसे पहले अपनी थाली में ही कटौती करेगा।

देश को आर्थिक संकट की उथल-पुथल में छोड़कर विदेश जाने वाले नरेन्द्र मोदी के बचाव में यही तर्क सुनने मिल रहे हैं कि कूटनीतिक संबंध बढ़ने का लाभ देश को मिलेगा। लेकिन टॉफी भेंट करने को कूटनीति में कब और किस तरह शामिल किया गया



है, यह सरकार को जरूर बताना चाहिए।

राहुल गांधी ने इस बेतुके व्यवहार पर लिखा है कि हमारे सिर पर आर्थिक संकट मंडरा रहा है, और हमारे प्रधानमंत्री इटली में मिठाइयां बांटने में व्यस्त हैं! किसान, युवा, महिलाएं, मजदूर और छोटे व्यापारी सब रो रहे हैं - प्रधानमंत्री हंस रहे हैं और रीलें बना रहे हैं, जबकि भाजपा के लोग तालियां बजा रहे हैं। यह नेतृत्व नहीं, बल्कि एक तमाशा है। वाकई मोदी की हर विदेश यात्रा आखिर में तमाशे से ज्यादा कुछ और लगती ही नहीं है। अभी पांच देशों की यात्रा में मोदी की कई तस्वीरें और वीडियो सामने आए, जिसमें भारतीय नृत्य-संगीत की प्रस्तुति उनके सामने की जा रही है, और वे इसका आनंद उठाते दिख रहे हैं। या अपने समकक्षों के साथ वे बात तो कर रहे हैं, लेकिन वे वीडियो दूर से लिए गए हैं, या उनमें आवाज नहीं है, जिससे देश को पता चले कि आखिर दो राष्ट्र प्रतिनिधियों के बीच क्या बातें हो रही हैं। लोकतंत्र में जनता को यह जानने का हक तो है कि प्रधानमंत्री ने किस देश के साथ कौन सा करार किया, किन दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए, इन समझौतों और सौदों का लाभ अंततः आम जनता को किस तरह मिलेगा। विदेश मंत्रालय जरूर औपचारिक भाषा में विज्ञप्ति जारी कर समझौतों-सौदों की जानकारी देता है, लेकिन उनका विस्तृत वर्णन सामने नहीं आ पाता। नरेन्द्र मोदी जाने से पहले या आने के बाद प्रेस कांफ्रेंस कर जनता को इसकी जानकारी भी नहीं देते। और विदेश में जब पत्रकार उनसे सवाल पूछें तो वे कैसे भागते हैं, इसका उदाहरण मंगलवार को नॉर्वे में देखने मिल ही गया।

नॉर्वे की पत्रकार हेले लिंग ने नरेन्द्र मोदी से इतना ही तो पूछा था कि आप कुछ सवाल क्यों नहीं लेते हैं। बस इसके बाद से देश में मोदी को बचाने के लिए खड़ी फौज ने हेले लिंग पर धावा बोल दिया है। वरिष्ठ पत्रकार और संपादक कहे जाने वाले जगदीश उपासने ने अपनी फेसबुक पोस्ट पर हेले लिंग की तैराकी की पोशाक पहने तस्वीरें डालीं, ताकि उनकी असलियत दुनिया के सामने आए। लेकिन उपासने साहब यह भूल गए कि हम अफगानिस्तान में नहीं हैं, जहां किसी महिला के तैराकी की पोशाक पहनने को अपराध माना जाए। और उससे भी पहली बात तो यही है कि हेले लिंग ने क्या पहना या क्या खाया, इससे उन्होंने जो सवाल किया, वो कैसे गलत हो गया। इस समय दूरदर्शन पर करोड़ों के पैकेज पर काम कर रहे सुधीर चौधरी ने भी बाकायदा एक कार्यक्रम हेले लिंग को समर्पित कर दिया कि वे महज 26 साल की हैं और उनके पास 5-6 साल का ही पत्रकारिता का अनुभव है। सुधीर चौधरी से भी यही सवाल किया जाना चाहिए कि हेले लिंग के पास भले कम सालों का अनुभव है, लेकिन उन्होंने जो सवाल मोदी से किया, उसका जवाब देने की जगह मोदी चले क्यों गए। ऐसे में हेले लिंग किस तरह गलत हो सकती हैं।

ध्यान रहे कि मंगलवार को हेले लिंग जब मोदी से सवाल करने के कारण सुर्खियों में आईं, तो सोशल मीडिया पर कई यूजर्स ने लिंग पर 'विदेशी प्लांट', 'जासूस' और यहां तक कि 'चाइनीज प्रॉक्सी' होने का आरोप लगाया। उनके पुराने चीन और राष्ट्रपति शी जिनपिंग पर लिखे लेखों का हवाला दिया गया। इन आरोपों पर लिंग ने स्पष्टीकरण दिया कि, 'मुझे कभी नहीं लगा था कि मुझे यह लिखना पड़ेगा, लेकिन मैं किसी विदेशी सरकार की जासूस नहीं हूं। मेरा काम पत्रकारिता है।'

खबर ये भी है कि हेले लिंग के इंस्टाग्राम और फेसबुक अकाउंट सस्पेंड कर दिए गए हैं। खुद लिंग ने सोशल मीडिया पर बताया कि पूरे दिन इंस्टाग्राम अकाउंट एक्सेस नहीं हो पा रहा था, जिसके बाद उसे सस्पेंड कर दिया गया। उन्होंने सस्पेंशन नोटिस का स्क्रीनशॉट शेयर करते हुए लिखा, यह प्रेस फ्रीडम के लिए छोटी सी कीमत है, लेकिन पहले कभी ऐसा नहीं हुआ। इधर सोशल मीडिया एक्स पर लिंग के फॉलोअर्स कई गुना बढ़ चुके हैं, जिससे जाहिर होता है कि मोदी का सवालों से भागना चर्चा में आ गया है और शायद इसलिए भाजपा नेता और भाजपा के पत्रकार इस बात से परेशान हो रहे हैं। हालांकि लिंग ने साफ कहा है कि पत्रकार होने के नाते सवाल पूछना उनका काम है और जब किसी ताकतवर देश का नेता उनके छोटे से देश में आता है और उनसे संबंध मजबूत करना चाहता है, तो सवाल पूछना उनकी जिम्मेदारी है।

# गोपीगंज में प्रशासन का चेतावनी अतिक्रमण अभियान, तीन दिन में हटाने का अल्टीमेटम





**अखंड भारत संदेश**

**गोपीगंज। शासन** के निर्देश एवं जिलाधिकारी शैलेष कुमार के निर्देशन में शनिवार को गोपीगंज नगर में चेतावनी अतिक्रमण अभियान चलाया गया। अभियान के तहत जीटी रोड से मिजार्पुर तिराहे तक सीमांकन करते हुए सड़क किनारे किए गए अस्थायी एवं स्थायी अतिक्रमण को चिन्हित किया गया।

इस दौरान प्रशासनिक अधिकारियों ने दुकानदारों एवं स्थायी निर्माण करने वाले लोगों को तीन दिन के भीतर स्वयं अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दी। अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल ने कहा कि फिलहाल प्रशासन चेतावनी एवं अल्टीमेटम देकर जा रहा है, लेकिन निर्धारित समय के भीतर अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो मंगलवार को जेसीबी मशीन चलाकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही संबंधित लोगों के खिलाफ विधिक कार्रवाई भी की जाएगी।

वहीं एसडीएम न्यायिक शिव प्रकाश यादव ने जीटी रोड पर स्थायी निर्माण करने वालों को नोटिस जारी करते हुए स्वयं अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया। नगर पालिका के बड़े बाबू विष्णु पांडे ने बताया कि 15 लोगों को नोटिस जारी किया गया है तथा नोटिस लेने से इनकार करने वालों के घरों पर नोटिस चस्पा कराया जा रहा है।अभियान के दौरान क्षेत्राधिकारी प्रभात राय, कानूनगो सुभाष शुक्ला, नगर पालिका कर्मचारी अचल श्रीवास्तव, जनक यादव सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# अग्निशमन केंद्र में जवानों से बंधुआ मजदूरों जैसा काम कराने का आरोप



**सुल्तानपुर। जनपद** के अग्निशमन केंद्र में तैनात होमगार्ड जवानों के साथ कथित अमानवीय व्यवहार का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो ने पूरे प्रशासनिक महकमे में हलचल मचा दी है। वीडियो में वदीर्धारी जवानों से झाड़ू-पोछा, सफाई, पाइप फैलाने और कबाड़ ढुलवाने जैसे कार्य कराए जाने के आरोप सामने आए हैं, जिसे लेकर बहुजन अधिकार सेना ने मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी सुल्तानपुर के माध्यम से सौंपा है।बहुजन अधिकार सेना के राष्ट्रीय कमांडर विजय राणा चमार की ओर से दिए गए ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि अग्निशमन केंद्र में तैनात होमगार्ड जवानों से सुरक्षा और आपदा प्रबंधन के कार्य लेने के बजाय मजदूरों और सफाईकर्मियों जैसा व्यवहार किया जा रहा है। वायरल वीडियो में भीषण गर्मी के बीच

# शाम होते ही क्षेत्र में दौड़ने लगती है मौत की गाडी मिट्टी का अवैध खनन जोरों पर



**सुल्तानपुर। धम्मौर** थाना क्षेत्र में खनन माफियाओं का अवैध कारोबार खूब फल-फूल रहा है। उन्हें पुलिस और खनन विभाग का डर नहीं है। क्षेत्र के गांव भाईं, कुतुबपुर, कानूपुर, टिकरिया, बहरौली सहित कई गांवों में खनन माफिया खेतों की छाती चीरकर मिट्टी निकाल रहे हैं। प्रशासन की तरफ से भी खनन माफियाओं के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही। पुलिस व तहसील प्रशासन की अनदेखी व मिली भगत के चलते मिट्टी खनन का कार्य बे रोक-टोक चल रहा है। खनन माफिया खुलेआम ट्रैक्टर-ट्राली पर मिट्टी लाद कर क्रय विक्रय कर रहे है। क्षेत्र के कई लोगों ने इस बाबत तहसील व पुलिस प्रशासन से शिकायत भी किया, लेकिन खनन माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई न होने से उनके हौसले बुलंद है। अवैध रूप से खनन के बाद लदी मिट्टियां लेकर रोड पर चलने वाले ट्रैक्टर चालकों की रफ्तार इतनी तेज होती है कि अक्सर हादसे भी होते है।

# थाना समाधान दिवस में उमड़ी फरियादियों की भीड़, पुलिस ने मौके पर निपटाई शिकायतें



**अखंड भारत संदेश**

**भदोही। जनपद** के सभी थानों पर शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में पहुंचे फरियादियों की समस्याएं सुनकर उनके निस्तारण के निर्देश दिए गए। पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीमों ने कई मामलों का मौके पर ही समाधान कराया। जिलाधिकारी शैलेष कुमार और पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में आयोजित समाधान दिवस के दौरान अधिकारियों ने जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुना। सभी थानों पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में शिकायतों के त्वरित निस्तारण पर विशेष जोर दिया गया। जनसुनवाई के दौरान पुलिस विभाग से संबंधित प्राप्त प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि राजस्व विभाग से जुड़े मामलों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से निपटाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। अधिकारियों ने जमीन विवाद से जुड़े मामलों में पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम बनाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए, ताकि फरियादियों को अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें ।

# बिंद समाज विकास संघ ने मृत्यु भोज को बताया अभिशाप खाना खिलाना महापाप



**अखंड भारत संदेश**

**भदोही । उत्तर** प्रदेश में, गत दिवस बिंद समाज विकास संघ द्वारा मृत्यु भोज बंद करो अभियान चलाया गया जिसमें,भदोही, आजमगढ़, गाजीपुर, जौनपुर ,प्रयागराज, मिजार्पुर, वाराणसी, चंदौली, सारनाथ, प्रतापगढ़, कई जिलों में संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ शेषधर बिंद की अगुवाई में प्रकृति की मार तेज आंधी तूफान से जान माल के नुकसान होने पर संघ के कार्यकताओं ने सभी के घर जा जाकर मृतक के पार्थिव शरीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की मृतक के परिवार एवं ग्राम वासियों को 13वीं भोज यानी मृत्यु भोज से बचने के लिए बैठकर विस्तार में चर्चा करते हुए मृत्यु भोज का बहिष्कार किया। जिसमें ग्राम वासियों में बिंद समाज विकास संघ के कार्यों की जमकर सराहना की और मृत्यु भोज न खाने न खिलाने का फैसला किया। संघ के कार्यकताओं ने लोगों को समझाते हुए बताया कि कफन देने के बजाय कफन खरीदने में जो पैसे खर्च होते हैं। सौ, दो सौ, पांच सौ, वह मृतक के परिवार को सहयोग रूप में दें, पूरा कफन जलाया नहीं जाता सब गंगा जी में फेंक दिया जाता है। जिससे गंगा का पानी भी दूषित हो रहा है, और अगर किसी अस्पताल में परिवार का कोई भी सदस्य भर्ती रहता है वहां जाकर फल या कुछ खाने की वस्तु ले जाकर देने के बजाय सौ , दो सौ, पांच सौ, जो सहयोग हो सके उनको दे ताकि उनके एक दिन की दवा के काम आता है, उनके परिवार को चाय नाश्ता खाना खिलाए उनका चाय भी न पिए।

अभियान में, मुख्य रूप से अध्यक्ष सहित, उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष एडवोक जयशंकर कलंदर बिंद,सूरत गुजरात प्रदेश अध्यक्ष फूलचंद बिंद, सूरत महासचिव दीनानाथ बिंद, सूरत प्रवक्ता गुलाब चंद्र बिंद, सूरत युवसेना अध्यक्ष सुरेश कुमार बिंद, बी एस वी एस न्यूज रिपोर्टर अरविंद बिंद, सूरत महानगर महिला प्रदेश अध्यक्ष बिंदु बिंद, भदोही जिला अध्यक्ष डॉ रमाशंकर बिंद,जिला भदोही सलाहकार डॉ हरिश्चंद्र बिंद,जिला भदोही संगठन मंत्री मोहनलाल बिंद, युवासेना संगठन मंत्री राज बिहारी बिंद, उदल कुमार बिंद, बसंत लाल मौर्य,सुभाष बिंद, गोरेलाल बिंद, मौजूद रहे।

# पीएम मोदी के संदेश को वरिष्ठ अधिवक्ता ने अपनाया, साथियों के साथ साइकिल से पहुंचे कोर्ट



**सुलतानपुर** पेट्रोल-डीजल की लगातार बढ़ती कीमतों और वैश्विक संकट के बीच ईंधन बचत एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए सुलतानपुर दीवानी के वरिष्ठ अधिवक्ता संतोष पांडेय शनिवार को अपने सहयोगी अधिवक्ताओं के साथ साइकिल से दीवानी पहुंचे। उनकी इस पहल को अधिवक्ता समुदाय और आम लोगों ने सराहनीय बताया। शनिवार सुबह संतोष पांडेय अपने साथियों के साथ साइकिल यात्रा करते हुए दीवानी परिसर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर इस वैश्विक संकट के समय में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए उन्होंने संकल्प लिया है कि पेट्रोल-डीजल की बचत के क्रम में सप्ताह में एक दिन वह न्यायालय कार के बजाय साइकिल से सफर करेंगे।

उन्होंने कहा कि साइकिल का प्रयोग केवल ईंधन बचत का माध्यम नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और बेहतर स्वास्थ्य की दिशा में भी एक सकारात्मक कदम है।

यदि समाज का प्रत्येक व्यक्ति छोटे-छोटे प्रयास करे तो देश ऊर्जा बचत और प्रदूषण नियंत्रण की दिशा में बड़ी उपलब्धि हासिल कर सकता है।

# प्रमुख सचिव ने किया जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय का निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय में शनिवार को दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के प्रमुख सचिव राजेश कुमार सिंह, आई.ए.एस., अपनी धर्मपत्नी नीरा रावत, आई.पी.एस. के साथ भ्रमण पर पहुँचे। स्वागत समारोह के बाद उन्होंने परिसर का भ्रमण कर विश्वविद्यालय की विकासात्मक गतिविधियों का अवलोकन किया।

भ्रमण के दौरान सिंह ने सभी शैक्षणिक कार्मिकों और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ आवश्यक बैठक की। बैठक में छात्रों के समग्र विकास, विशेषकर दिव्यांग विद्यार्थियों के सशक्तिकरण के लिए उठाए जा रहे कदमों पर विस्तृत चर्चा हुई। सिंह ने नवीन भवनों के निर्माण एवं प्रस्तावित कार्यों का भी जायजा लिया और निर्माण कार्यों की गुणवत्ता तथा समयबद्धता पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। तथा सभी को वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया।

उन्होंने विश्वविद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक उपकरणों और सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर जोर दिया। विशेष रूप से सहायक तकनीकी उपकरण, पहुँच सुविधाएँ, शिक्षण-अधिगम संसाधन और समेकित समर्थन सेवाओं को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए, ताकि शैक्षणिक गतिविधियां और विकासात्मक परियोजनाएं सुचारु रूप से संचालित हों।

इस अवसर पर कुलपति शिशिर कुमार पाण्डेय तथा कुलसचिव मधुरेन्द्र कुमार पर्वत भी उपस्थित रहे। कुलपति ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदत्त समर्थन एवं विश्वविद्यालय के विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की, जबकि कुलसचिव ने आगामी कार्ययोजनाओं के क्रियान्वयन के लिए आवश्यक समन्वय सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया।



## डीएम और एसपी की मौजूदगी में भरतकूप थाना में किया गया थाना समाधान दिवस का आयोजन

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक ने राजस्व एवं पुलिस के अधिकारियों व कर्मचारियों से कहा कि भूमि संबंधी जो मामले हैं उनका मौके पर जाकर निस्तारण कराया जाए ताकि समस्या ग्रस्त व्यक्ति को उनकी समस्या से निजात मिल सके। जिलाधिकारी ने कानूनगो एवं लेखपालों से कहा की राजस्व मामलों के अंतर्गत धारा 24, 116, जो लंबित है उनका प्रतिदिन लक्ष्य बनाकर त्वरित गुणवत्तापूर्ण शासन की मंशा के अनुरूप निस्तारण कराया जाए, उन्होंने कहा कि मेरी जनसुनवाई के दौरान कलेक्ट्रेट में सबसे अधिक समस्याएं कर्वी तहसील के अंतर्गत की आती हैं। क्षेत्र में जाकर भूमि संबंधी मामलों का निस्तारण मौके पर करें अन्यथा संबंधित के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि गर्मी का समय चल रहा है आग्नि तथा किसी भी तरह की जो हानि होती है उसकी आर्थिक सहायता तत्काल दिलाया जाए। सभी लोग संवेदनशीलता के साथ कार्य करें तभी पीड़ित व्यक्ति को न्याय मिलेगा और शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकेंगे। समाधान दिवस के अवसर पर थानाध्यक्ष भरतकूप उदय प्रताप सिंह सहित कानूनगो, लेखपाल एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## ग्रामोदय विवि के कुलगुरु ने ललित कला विभाग की कलाकृतियों का किया अवलोकन

**चित्रकूट।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. आलोक चैबे ने विश्वविद्यालय के ललित कला विभाग के विद्यार्थियों द्वारा निर्मित कलाकृतियों एवं चित्रों का अवलोकन किया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा, कला कौशल एवं नवाचारपूर्ण अभिव्यक्तियों की सराहना की। प्रो. चैबे ने कहा कि कला केवल अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं, बल्कि समाज एवं संस्कृति को संवेदनशीलता के साथ जोड़ने का सशक्त साधन है। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर सृजनात्मक कार्य करने तथा भारतीय संस्कृति एवं ग्रामोदय की भावना को अपनी कलाकृतियों में समाहित करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान ललित कला विभाग के विद्यार्थियों ने अपनी विभिन्न चित्रकृतियों, रेखांकन एवं कलात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कुलगुरु ने विद्यार्थियों के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# डीएम ने की विकास कार्यों की उच्च स्तरीय समीक्षा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी कुलकित गर्ग की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में 50 लाख से अधिक लागत के विकास व निर्माण कार्यों की एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में जनपद के समस्त प्रमुख कार्यदायी संस्थाओं के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक निर्माण कार्य के लिए कार्यदायी संस्थाओं द्वारा एक नोडल अधिकारी नामित किया जाए। प्रगति प्रस्तुतीकरण में नोडल अधिकारी का नाम अनिवार्य रूप से अंकित हो एवं संबंधित नोडल अधिकारी प्रतिमाह निर्माण स्थल का भौतिक निरीक्षण कर जांच आख्या प्रस्तुत करेंगे, जिसमें निरीक्षण की तिथि स्पष्ट रुप से लिखी जाए। सभी कार्यस्थलों पर अनिवार्य रूप से इन्स्पेक्शन रजिस्टर (निरीक्षण पुस्तिका) भी रखा जाए, जिससे कार्य की क्रमशः निगरानी रखी जा सके और उसकी प्रगति मिल सके।

भवनों में टाइलिंग कार्य के दौरान एक ही रंग के बजाय स्कर्टिंग और बॉर्डर के लिए अलग-अलग रंगों का प्रयोग किया जाए। वॉशरुम में अनिवार्य रूप से मैट, टाइल्स का उपयोग हो, पूरी तरह सफेद टाइल्स न लगाई जाएं। जिलाधिकारी ने सख्त निर्देश दिए कि शासकीय निर्माण कार्यों में वही संवेदनशीलता और गुणवत्ता अपनाई जाए जो व्यक्तिगत आवास निर्माण में अपनाई जाती है। केवल औपचारिकता न की जाए। निर्माण सामग्री की गुणवत्ता जांच के लिए सामग्री को जनपद से बाहर न भेजा जाए। चित्रकूट जनपद में ही स्थित प्रमाणित संस्था से सैंपलिंग कराई जाए ताकि समय की बचत हो और कार्य में विलंब न हो।

यूपीपीसीएल द्वारा गणेश बाग में बनाए जा रहे श्रीराम वाटिका इको पार्क के संबंध में निर्देशित किया गया कि पार्क में सघन पौधारोपण किया जाए तथा जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान के लिए नालियों का उचित प्रबंधन हो। इसके अलावा यूपीपीसीएल द्वारा परिक्रमा मार्ग में कराए जा रहे कायाकल्प के संबंध में कहा कि कार्य पूर्ण होने के तत्काल बाद निर्माण मलबे को हटाया जाए ताकि श्रद्धालुओं को असुविधा न हो। ठेकेदार द्वारा कोताही बरतने पर अर्थदंड लगाया जाएगा। उ.प्र. आवास एवं विकास परिषद को निर्देशित किया गया कि बसों का सुचारू आवागमन शीघ्र प्रारंभ करने के लिए सर्वप्रथम डीजल टैंक का निर्माण पूर्ण कराया जाए, इसके बाद आवासों का निर्माण हो। जिलाधिकारी ने कहा निर्माण कार्यों में समयबद्धता, पारदर्शिता और उच्च गुणवत्ता शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। लापरवाही बरतने वाली संस्थाओं और ठेकेदारों के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में डीपी पाल मुख्य विकास अधिकारी, डॉ. भूपेश द्विवेदी मुख्य चिकित्सा अधिकारी, राहुल गौर अर्थ एवं संख्या अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग (भवन खंड, बांदा), उ.प्र. राज्य सेतु निगम लिमिटेड (बांदा), सी.एन.डी.एस., यूपीपीसीएल, उ.प्र. आवास एवं विकास परिषद (बांदा), यूपी राजकीय निर्माण निगम, यूपी सिडको, यूपी पर्यटन विकास निगम लिमिटेड, सिंचाई प्रथम खंड एवं जल निगम (नगरीय) मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने भरतकूप मंदिर में कराए गए पर्यटन विकास कार्यों का किया औचक निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** संयुक्त निदेशक पर्यटन आर.के. रावत ने निरीक्षण के दौरान बताया कि भरतकूप मंदिर में पर्यटन विकास के अंतर्गत यात्री शेड, बाउंड्री वॉल, सोलर लाइट, गेट, शौचालय, हाल, भंडारग्रह आदि का निर्माण कराया गया है। यात्रियों के बैठने के लिए बेंच का कार्य अवशेष है, उसको पूरा कराया जा रहा है। जिलाधिकारी ने कार्यदाई संस्था यूपीपीसीएल के अवर अभियंता को निर्देश दिए कि चबूतरा का सौन्दर्यीकरण कराया जाए तथा नारियल तोड़ने का भी स्थान बनाया जाए। उन्होंने कहा कि कूप की अच्छी तरह साफ सफाई भी कराई जाए, मंदिर परिसर को साफ स्वच्छ रखा जाए, शौचालय का संचालन सही तरीके से कराया जाए, जो पानी की व्यवस्था है उसको ठीक किया जाए तथा शौचालय को बंद न रखा जाए दिव्यांग महिलाओं व पुरुषों के लिए जो शौचालय बने हैं उन पर पेंटिंग कराई जाए। भरतकूप मंदिर के रास्ते में जो मकान बने हैं उन लोगों से सहमति लिया जाए कि उनको यहां से हटाकर यात्री शेड बनवाकर दुकान रखने के लिएस आवंटित कराया जाएगा। महंत भरतकूप मंदिर ने बताया कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत मंदिर में पानी के लिए कनेक्शन कराया जाए। जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक ने राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों से कहा कि मंदिर की बाउंड्री वाल के बाहर जो सड़क पर अबैध दुकानें हैं उनको तत्काल हटवाया जाए। इसके बाद जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक ने भरतकूप मंदिर में पूजा अर्चन भी किया। इसके पूर्व जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक ने भरतकूप मंदिर क्षेत्र में लगे जनगणना के प्रगणकों से जनगणना कार्य के बारे में भी जानकारी ली तथा उन्होंने कहा कि मंदिर की भी जनगणना करें यह छूटने न पाए। निरीक्षण के दौरान संयुक्त निदेशक पर्यटन आर.के. रावत, यूपीपीसीएल कार्यदायी संस्था के अवर अभियंता, थानाध्यक्ष भरतकूप उदय प्रताप सिंह सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



## भरतकूप की मुख्य सड़क एवं मंदिर के रास्ते से हटवाएं अतिक्रमण : डीएम

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग एवं पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने भरतकूप चैराहा राष्ट्रीय राजमार्ग पर मुख्य सड़क एवं भरतकूप मंदिर की तरफ जाने वाले रास्ते से अतिक्रण हटाया गया। जिसमें ठेलिया, गुमटी और ई रिक्शा तथा टेंपो सड़क पर अवैध रूप से खड़े पाए गए, उन पर जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक ने थानाध्यक्ष भरतकूप एवं राजस्व विभाग के कानूनगो एवं लेखपाल को निर्देश दिए कि तत्काल यहां का अतिक्रमण अभियान चलाकर हटवाया जाए। पुलिस अधीक्षक ने थानाध्यक्ष भरतकूप को निर्देश दिए कि अतिक्रमण हटवाकर यहां पर बैरियर लगा दिया जाए, ताकि दुकानदारों के द्वारा फिर से अतिक्रमण न किया जाए। उन्होंने स्थानीय लोगों से कहा कि मंदिर की सड़क एवं मुख्य सड़क पर किसी भी तरह का आप लोग अतिक्रमण न करें आप लोगों के अतिक्रमण से वाहनों के आवागमन में दिखाई न देने पर सड़क दुर्घटनाएं भी होती हैं।

# जिलाधिकारी ने भरतकूप में निर्माणाधीन ग्रामीण स्टेडियम का औचक निरीक्षण किया

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने शनिवार को भरतकूप में निमार्णाधीन ग्रामीण स्टेडियम का औचक निरीक्षण किया

निरीक्षण के दौरान जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी शैलेश कुमार उपाध्याय ने बताया कि ग्रामीण स्टेडियम निर्माण स्वीकृत धनराशि 498.68 लाख रुपए, प्राप्त धनराशि 498.68 लाख रुपए, अवमुक्त धनराशि 498.68 लाख रुपए एवं व्यय धनराशि 320 लाख रुपए की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि भवन का सिविल कार्य, सैनिटेशन एवं जलापूर्ति का कार्य, आंतरिक विद्युतीकरण का कार्य, बाउंड्री वॉल एवं एमएस गेट, इंटरलॉकिंग एवं सीसी रोड कार्य, वाहय विद्युतीकरण, उपकरण संयोजन, खेल सामग्री और फर्नीचर, 40 केवीए जनरेटर आदि का कार्य किया जाना है। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ लिमिटेड के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन द्वारा निर्माण कार्य को पूरा करने के लिए जो समय सीमा दी गई है, उसी के अनुसार शासन की मंशा के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण कार्य को पूर्ण कराया जाए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए, उन्होंने कहा कि शौचालय में टाइल्स अच्छी लगाई जाए, तथा निर्माण कार्य में मैनपॉवर बढ़ाकर कार्य को ससमय पूरा किया जाए। उन्होंने स्टेडियम के कार्य डिजाइन को भी देखा। उन्होंने कहा कि जो स्टेडियम के चारों तरफ जगह खाली पड़ी है, उसमें पौधारोपण के लिए अभी से ही गड्ढा की खुदाई करा दें, ताकि बरसात होने पर पौधों का रोपण कराया जा सके।

निरीक्षण के दौरान जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी शैलेश कुमार उपाध्याय, कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ लिमिटेड के सहायक अभियंता सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## पारिवारिक विवाद के बाद युवक ने फांसी लगाई

**चित्रकूट।** जिले के बहिलपुरवा थाना क्षेत्र में पारिवारिक विवाद के बाद एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद परिवार में मातम छा गया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया और मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, बहिलपुरवा थाना क्षेत्र के नया पुरवा गांव निवासी 35 वर्षीय सोनू पुत्र नत्थू का शुक्रवार रात अपनी पत्नी अभिलाषा से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। परिजनों ने बताया कि विवाद के बाद सोनू काफी परेशान था। देर रात जब परिवार के सदस्य सो गए, तो वह चुपचाप घर से निकलकर गांव में ही स्थित अपने दूसरे घर चला गया। बताया गया कि सोनू ने दूसरे घर पहुंचकर अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। उसने कच्चे मकान की दीवार में लगी लकड़ी में रस्सी का फंदा डालकर फांसी लगा ली। काफी देर तक सोनू के घर वापस न लौटने पर उसकी मां बदमिया को चिंता हुई। जब वह दूसरे घर पहुंचीं, तो दरवाजा अंदर से बंद मिला। कमरे के अंदर सोनू का शव फांसी के फंदे से लटका हुआ मिला। यह दृश्य देखकर सभी स्तब्ध रह गए। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में सनसनी फैल गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जमा हो गए।

# बुंदेलखण्ड राज्य को आजाद क्रांति ने फूंका बिगुल महिलाओं की जिम्मेदारी को की बैठक

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** बुंदेलखंड राज्य निर्माण में महिलाओं की भूमिका निर्धारण करने के लिए आजाद क्रांति पार्टी ने जिला कार्यालय में महिलाओं की एक बैठक की। जिसमें महिलाओं को अपने अधिकारों के लिए भी जागरूक किया गया। बैठक के मुख्य अतिथि आजाद क्रांति पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजीव श्रीवास्तव मेजर रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में महिला सेना की प्रदेश अध्यक्ष सीमा निगम रहीं। बैठक से पहले पटवारी का हाता कुबेरगंज में पार्टी के जिला कार्यालय का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष राजीव श्रीवास्तव द्वारा किया गया। वरिष्ठ समाजसेवी पुनीता खरे एवं महिला सेना जिलाध्यक्ष रश्मि सिंह द्वारा महिलाओं का राजनीति में आने के लिए उत्साहवर्धन किया गया। बैठक में एक सैकड़ा महिलाओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। अध्यक्ष ने सभी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाकर बूथ, वार्ड एवं तहसील प्रभारी की जिम्मेदारी सक्रिय महिलाओं को दी। शनिवार को आजाद क्रांति पार्टी ने बुंदेलखंड राज्य निर्माण के लिए चित्रकूट से बिगुल फूंकते हुए राज्य निर्माण में महिलाओं की सहभागिता के लिए जिला कार्यालय में एक बैठक आयोजित की। आयोजित बैठक में मुख्य अतिथि राजीव श्रीवास्तव मेजर ने कहा कि हमारी पार्टी ने अपना एजेंडा तय कर लिया है जल्द ही बुंदेलखंड निर्माण के लिए हमारी पार्टी राज्य निर्माण के लिए बुंदेलखंड के सभी जिलों में प्रदर्शन करेगी। अभी तक सभी पार्टियों ने सिर्फ बुंदेलखंड के लोगों का बेवकूफ बनाया है। हमारी पार्टी बुंदेलखंड के घर घर जायेगी और सभी को बुंदेलखंड राज्य निर्माण में सहयोग करने का आह्वाहन करेगी।

महिला सेना की अध्यक्ष सीमा निगम ने आई हुई महिलाओं को उनके अधिकारों के लिए जागरूक करते हुए बताया की कोई भी आंदोलन बिना महिलाओं की सहभागिता के पूरा नहीं हो सकता है। इसीलिए हमारी पार्टी ने बुंदेलखंड राज्य निर्माण की योजना बनाने की शुरूवात महिलाओं की सहभागिता से शुरू किया है। सभी पार्टियां सिर्फ महिला अधिकारों की बातें करती हैं लेकिन हमारी पार्टी अपने संविधान में ही 40 प्रतिशत आरक्षण का विधान कर दिया है। महिला सेना की जिलाध्यक्ष रश्मि सिंह ने प्रदेश अध्यक्ष का आभार जताते हुए कहा कि आज की बैठक में उपस्थित सैकड़ों महिलाओं की तरफ से हम आपको विश्वास दिलाते हैं की बुंदेलखंड राज्य निर्माण के लिए हम महिलाएं कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग करेंगी। हम सभी गांवों में जाकर महिलाओं को इस अभियान से जुड़ने के लिए कहेंगी।

आयोजित बैठक में चित्रकूट जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह खंगार सहित रेनू देवी, पलक सिंह, गोमती, केशकली, प्रीति देवी, काजल, संगीता देवी, रूपा त्रिपाठी, गुड्डन, शिवप्यारी, रानी देवी, मधु, रानी, ऊषा, सरोज, रन्नू, सरिता, रीता, कविता, आरती, विमला, अनुराधा, रानी, सुंदरिया देवी सहित एक सैकड़ा महिलाएं उपस्थित रहीं।

# सद्गुणों को जीवन में करें धारण : आचार्य अभिषेक

## सज्जनों की संगति है मोक्ष का द्वार : आचार्य अभिषेक

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जानकीकुंड मार्ग में स्थित श्रीरामधाम बड़ा मंदिर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के तृतीय दिवस पर आचार्य अभिषेक शुक्ल ने कहा कि बुद्धिमान व्यक्ति को निरंतर स्वसंतान को सद्गुणों, सद्व्यवहारों, उत्कृष्ट आचरणों से समन्वित करना चाहिए, क्योंकि शीलसंपन्न तथा नीतिज्ञ मानव ही सर्वत्र सम्मानित होते हैं। उत्तम चरित्र के मानव का सर्वत्र समादर होता है।



कथा व्यास आचार्य शुक्ला ने तृतीय दिवस की कथा कहते हुए कहा कि परोपकार सर्वोत्तम सद्गुण है, परंतु परहित या परोपकार के संदर्भ में विचारणीय यह है, कि दूसरों के अनैतिक या अनुचित स्वार्थों का साधन बनना अथवा पूर्ति करना परोपकार नहीं कहा जाएगा। वह धर्म न होकर के अधर्म होगा। जैसे परीक्षाकक्ष में परीक्षार्थी के द्वारा अनुकरण (नकल) करना अनुचित है। यदि कोई वहां पर उसे अनुकरण की ओर प्रवृत्त करे या उसके अनुकरण का साधन बने। यह परीक्षार्थी का हित या उपकार नहीं है। अपितु उसका अहित तथा अधर्म है। अतः परोपकारी पुरुष या महिला को दूसरे का धमार्नुकूल हित या उपकार करना चाहिए। किन्तु उसके पापपूर्ण स्वार्थों का साधक नहीं बनना चाहिए। कपिल-देवहूति संवाद का वर्णन करते हुए कहा सत्पुरुषों कि संगति मोक्ष का द्वार है। सुजनों की संगति की इच्छा करना, दूसरों के गुणों में अनुराग, गुरुजनों के प्रति विनम्रता, विद्या में रुचि, लोक निन्दा का भय, भगवान् में भक्ति दुर्जनों की संगति का परित्याग, विपत्ति में धैर्य, उन्नति में क्षमाशील होना, यशप्राप्ति में अनुराग रखना, अतिथि सत्कार करना, उपकार करके मौन रहना, स्वयं पर किए गए उपकार को सार्वजनिकता में कहना, धन का गर्व न करना यह सब सज्जनों के स्वाभाविक गुण हैं। इन सद्गुणों को जीवन में आचारित करने का प्रयास करना चाहिए। इस दौरान कथा परीक्षित कृष्णदत्त दीक्षित, विमला देवी के अलावा बार एसोशिएशन बांदा के पूर्व अध्यक्ष राजेश दुबे, अभिषेक बाजपेयी, गोविंद दीक्षित, शिवकुमार गुप्ता, भरत गुप्ता, आशीष, दीपक आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

# पाठा क्षेत्र की जनसमस्याओं को लेकर बुन्देलखण्ड मुक्ति मोर्चा ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** बुन्देलखण्ड मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व में पाठा क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर जिलाधिकारी पुलकित गर्ग को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायतों एवं मजरों में व्याप्त पेयजल, विद्युत, सड़क, नाली, स्वास्थ्य एवं आवागमन जैसी मूलभूत समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया।

ज्ञापन में पशु अस्पताल रुकमा बुजुर्ग में पेयजल, विद्युत एवं आवागमन की समस्या, बरहुनीतीर में पेयजल एवं विद्युतीकरण, मडैय़न के रिसाली का पुरवा में रास्ता एवं बिजली व्यवस्था, नयापुरवा एवं बरहुनीतीर में नाली मरम्मत, सपहा में जर्जर विद्युत केबल बदलने, छोटी बेलहरी एवं खेरवा में खराब हैंडपम्पों की मरम्मत, बेलौहनपुरवा एवं बम्भिया गांव में विद्युतीकरण, गोडा एवं रैपुरा के भैरम बाबा क्षेत्र के राधेश्याम के पुरवा में हैंडपम्प रिबोर एवं पेयजल आपूर्ति, तालाबों की खुदाई एवं सुन्दरीकरण, खांच चमरौडी एवं भीमपुर कालोनी में पेयजल संकट सहित मारकुंडी क्षेत्र के विभिन्न गांवों की पेयजल समस्याओं को प्रमुखता से रखा गया।



इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत मडैयन स्थित आयुष्मान स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर एवं आवश्यक स्वास्थ्य कर्मियों की तैनाती की मांग भी की गई, ताकि ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकें। बुन्देलखण्ड मुक्ति मोर्चा ने जिलाधिकारी से मांग की कि जनहित से जुड़ी इन समस्याओं का शीघ्र संज्ञान लेकर संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए जाएं, जिससे पाठा क्षेत्र की जनता को राहत मिल सके।

इस दौरान एड. प्रखर पटेल, समाजसेवी मुकेश कुमार, प्रांशू पटेल, एड. रामचरन, वीरेंद्र सिंह, रजनीश, विपिन, कुलदीप, सागर पटेल, सुधीर, शिवशंकर, बबलू, प्रेम, मनीष, शिवकुमार, मोहित सहित अन्य क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# इबोला प्रकोप का वैश्विक खतरा: भारत-अफ्रीका शिखर सम्मेलन स्थगित

**अफ्रीका**

**विदेश** मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि आगामी चौथा भारत-अफ्रीका फोरम शिखर सम्मेलन, जो अगले सप्ताह नई दिल्ली में होने वाला था, अफ्रीका में इबोला के प्रकोप के कारण स्थगित कर दिया गया है। भारतीय प्रशासनिक अधिकारियों, अफ्रीकी संघ के अध्यक्ष और अफ्रीकी संघ आयोग के बीच मौजूदा परिस्थितियों में इस उच्च स्तरीय सभा और इसके सहायक कार्यक्रमों की मेजबानी की व्यवहार्यता का मूल्यांकन करने के लिए आयोजित विस्तृत विचार-विमर्श के बाद महत्वपूर्ण राजनयिक बैठक को स्थगित कर दिया गया।



विदेश मंत्रालय द्वारा जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, भारत सरकार और अफ्रीकी संघ ने अफ्रीका के कुछ हिस्सों में विकसित हो रही स्वास्थ्य स्थिति पर विचारों का आदान-प्रदान किया और अफ्रीका सीडीसी और संबंधित राष्ट्रीय संस्थानों को समर्थन सहित पूरे महाद्वीप में सार्वजनिक स्वास्थ्य तैयारियों और प्रतिक्रिया क्षमताओं को मजबूत करने में निरंतर सहयोग के महत्व की पुष्टि की। मौजूदा चिकित्सा आपातकाल को देखते हुए, नई दिल्ली ने अफ्रीकी आबादी और उनके संबंधित प्रशासनों के साथ अपने अटूट समर्थन को दोहराया है।

इसके अलावा, भारत ने अफ्रीका सीडीसी के नेतृत्व में चलाए जा रहे अभियानों को भौतिक और रणनीतिक सहायता प्रदान करने के लिए अपनी पूर्ण तत्परता व्यक्त की है, यह सुनिश्चित करते हुए कि सभी कार्य अफ्रीका के नेतृत्व वाली प्रतिक्रिया के प्रति साझा प्रतिबद्धता के अनुरूप हों। बहुपक्षीय सम्मेलन और इसके पूरक सम्मेलनों के लिए नई समय-सीमाओं की समीक्षा जारी है। विदेश मंत्रालय ने संकेत दिया कि शिखर सम्मेलन और इससे संबंधित बैठकों की नई तिथियों को आपसी परामर्श के माध्यम से अंतिम रूप दिया जाएगा और उचित समय पर सूचित किया जाएगा।

अस्थायी विलंब के बावजूद दोनों क्षेत्रों को जोड़ने वाले गहरे ऐतिहासिक और राजनयिक संबंधों को रेखांकित करते हुए, आधिकारिक दस्तावेज ने संयुक्त प्रगति के प्रति आपसी समर्पण पर बल दिया। बयान में कहा गया है कि भारत और अफ्रीका ने एकजुटता, आपसी सम्मान, दक्षिण-दक्षिण सहयोग और शांति, विकास, समृद्धि और अपने लोगों के कल्याण के प्रति साझा प्रतिबद्धता पर आधारित अपनी दीर्घकालिक साझेदारी की पुष्टि की।

# पश्चिम एशिया में जंग खत्म करने का नया सूत्र, अमेरिकी संघर्ष विराम प्रस्ताव पर ईरान कर रहा मंथन

**अमेरिका**

**अमेरिका** ने पश्चिम एशिया संघर्ष को स्थायी रूप से समाप्त करने के लिए पाकिस्तान के माध्यम से एक नया युद्धविराम प्रस्ताव प्रस्तुत किया है। अल अरबिया ने राजनयिक सूत्रों के हवाले से इस बात की जानकारी दी है। ईरान इस प्रस्ताव की समीक्षा कर रहा है, लेकिन मध्यस्थों द्वारा अमेरिकी और ईरानी प्रस्तावों के बीच मतभेदों को कम करने के प्रयासों के चलते उसने अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया जारी नहीं की है।

बातचीत जारी रहने के बीच, पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने ईरान की यात्रा की योजना बनाई है। हालांकि, अल अरबिया के अनुसार, यह योजना अधर में लटकी हुई है और तभी आगे बढ़ेगी जब ईरान नए प्रस्ताव को स्वीकार कर लेगा। इससे पहले, ईरानी विदेश



मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बगाई ने कहा कि ईरान अमेरिका के साथ सद्भावनापूर्वक बातचीत कर रहा है, हालांकि वह अमेरिका को लेकर अब भी गहरी शंका रखता है।

ईरान के सरकारी मीडिया प्रेस टीवी ने बताया कि बगाई को ईरान के 14 सूत्री प्रस्ताव पर अमेरिका की प्रतिक्रिया मिल गई है और वे इसकी जांच कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी की तेहरान यात्रा दोनों पक्षों के बीच इन आदान-प्रदानों को समर्थन और सुगम बनाने के उद्देश्य से है।

प्रेस टीवी की रिपोर्ट के अनुसार, बगाई ने कहा कि इस समय, हमारा ध्यान लेबनान सहित सभी मोर्चों पर युद्ध समाप्त करने पर केंद्रित है, और उन्होंने वार्ता में तेहरान की वर्तमान प्राथमिकता पर जोर दिया।

# जहाजों के लिए परमिट अब अनिवार्य, ग्लोबल टेंशन!

**ईरान**

**हाल** ही में गठित फारस की खाड़ी जलडमरूमध्य प्राधिकरण (पीजीएसए) ने होर्मुज जलडमरूमध्य के प्रबंधन पर्यवेक्षण क्षेत्र की सीमाएं निर्धारित की हैं। पीजीएसए ने एक पोस्ट में बताया कि पर्यवेक्षण क्षेत्र होर्मुज जलडमरूमध्य के पूर्व में ईरान के कुह मुबारक और संयुक्त अरब अमीरात के फुजैराह के दक्षिण को जोड़ने वाली रेखा से शुरू होकर, होर्मुज जलडमरूमध्य के पश्चिम में ईरान के केशम द्वीप के अंतिम छोर और संयुक्त अरब अमीरात के उम अल-कैवेन को जोड़ने वाली रेखा तक फैला हुआ है।

प्रबंधन निकाय ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने के लिए इस सीमा में आने वाली आवृत्तियों के लिए फारस की खाड़ी जलमार्ग प्रबंधन के साथ समन्वय और इस निकाय से अनुमति की आवश्यकता होती है। यह ऐसे समय में सामने आया है जब अमेरिका-ईरान शांति वार्ता में गतिरोध जारी है और कोई भी पक्ष अपनी मांगों से पीछे हटने को तैयार नहीं है। वाशिंगटन ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर पूर्ण प्रतिबंध की मांग की है, जबकि तेहरान अपनी ऊर्जा सुरक्षा को लेकर अड़ा हुआ है और होर्मुज जलडमरूमध्य पर नियंत्रण की मांग कर रहा है।

ईरान ने सोमवार को होर्मुज जलडमरूमध्य के रणनीतिक महत्व वाले जलमार्ग से संबंधित गतिविधियों के प्रबंधन और निगरानी के लिए एक नए नियामक निकाय के गठन की घोषणा की। इस्लामिक गणराज्य की सर्वोच्च सुरक्षा संस्था, सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद ने इंटरनेट पर एक पोस्ट साझा किया जिसमें बताया गया कि "फारसी खाड़ी जलडमरूमध्य प्राधिकरण" (पीजीएसए) का आधिकारिक अकाउंट अब चालू हो गया है।



इस घोषणा से होर्मुज जलडमरूमध्य से जुड़े घटनाक्रमों और गतिविधियों की निगरानी के लिए एक समर्पित निकाय की औपचारिक स्थापना का संकेत मिला। होर्मुज जलडमरूमध्य वैश्विक तेल और ऊर्जा शिपमेंट के लिए दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री व्यापार मार्गों में से एक है। इस महीने की शुरूआत में, ईरानी सरकारी मीडिया प्रेस टीवी ने बताया कि तेहरान ने रणनीतिक होर्मुज जलडमरूमध्य से समुद्री यातायात को नियंत्रित करने के लिए एक नई व्यवस्था शुरू की है। रिपोर्ट के अनुसार, जलडमरूमध्य से गुजरने वाले सभी जहाजों को अब info@PGSA.ir ईमेल पते पर आधिकारिक सूचना प्राप्त होगी, जिसमें नए लागू ढांचे के तहत आवागमन के नियमों और विनियमों का विवरण होगा।

# अमेरिका युद्ध खत्म करने के मूड़ में, इजरायल चाहता है लड़ाई फिर शुरू हो



**अमेरिका**

**अमेरिका** और इजरायल के बीच ईरान युद्ध को लेकर रणनीतिक मतभेद अब खुलकर सामने आने लगे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के बीच बुधवार को हुई एक महत्वपूर्ण टेलीफोन वार्ता में तनावपूर्ण स्थिति पैदा हो गई। यह बातचीत ऐसे समय हुई जब ट्रंप ने ईरान पर प्रस्तावित सैन्य हमलों को अचानक रोकने का फैसला लिया। इस फैसले से नेतन्याहू स्पष्ट रूप से नाराज बताए जा रहे हैं और दोनों नेताओं के बीच युद्ध को लेकर दृष्टिकोण का अंतर सामने आ गया है।

अमेरिकी मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, ट्रंप और नेतन्याहू के बीच हुई बातचीत करीब एक घंटे तक चली। इस दौरान नेतन्याहू ने ट्रंप से कहा कि ईरान के खिलाफ हमलों को टालना एक गलती है और अमेरिका को अपनी पूर्व निर्धारित योजना के अनुसार आगे बढ़ना चाहिए। नेतन्याहू का मानना है कि सैन्य दबाव कम करने से ईरान को समय मिलेगा और वह इसका फायदा उठा सकता है। दूसरी ओर ट्रंप अभी भी कूटनीतिक समाधान की संभावनाओं को समाप्त नहीं करना चाहते।

सूत्रों के अनुसार, ट्रंप ने बातचीत में नेतन्याहू को बताया कि मध्यस्थ देश अमेरिका और ईरान के बीच एक प्रारंभिक समझौता पत्र तैयार कराने की कोशिश कर रहे हैं। इस प्रस्तावित समझौते का उद्देश्य युद्ध समाप्त करना और आगे की वाताओं का रास्ता खोलना है।

# भारत की बढ़ती ताकत का असर, आपका हार्दिक स्वागत है



**एस्टोनिया**

**एस्टोनिया** के विदेश मंत्री मार्गस त्साहकना ने भारत और एस्टोनिया के बीच द्विपक्षीय संबंधों को गहरा करने के लिए भारत से और अधिक उच्च स्तरीय यात्राओं का आह्वान किया और कहा है कि अगर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस उत्तरी यूरोपीय देश का दौरा करते हैं तो एस्टोनिया को बहुत खुशी होगी। त्साहकना ने यहां पीटीआई-भाषा को दिए एक विशेष साक्षात्कार में कहा कि एस्टोनिया 2027 में यूक्रेन पुनर्निर्माण सम्मेलन का आयोजन कर रहा है और उन्होंने उम्मीद जताई कि भारत भी युद्धग्रस्त देश यूक्रेन की पुनर्निर्माण प्रक्रिया का हिस्सा बनेगा।

एस्टोनिया के विदेश मंत्री ने कहा, भारत एस्टोनिया का एक बहुत अहम साझेदार है। हमारे स्तर बिल्कुल अलग हैं, एस्टोनिया की जनसंख्या 13 लाख है जबकि भारत की जनसंख्या 14 अरब है। भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र भी है। हमारे राष्ट्रपति (अलार कारिस) फरवरी में एआई शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए भारत में थे।

व्यापारिक दृष्टि से हमारे द्विपक्षीय संबंध मजबूत हो रहे हैं। उन्होंने कहा, चाहे रक्षा उद्योग हो, आईटी हो या एआई , एस्टोनिया निवेश के लिए एकदम सही जगह है। हमारे पास ई-रेजिडेंसी कार्यक्रम है जिसके माध्यम से भारतीय कंपनियां और लोग निवासी बन सकते हैं ।

# ट्रम्प के अल्टीमेटम के बीच एक्शन में अमेरिका

**अमेरिका**

**ईरान** और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच राजनयिक प्रयास जारी रहने के मद्देनजर, पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसिम मुनीर के गुरुवार को तेहरान की यात्रा करने की संभावना है। ईरानी मीडिया आउटलेट आईएसएनए ने इस बात की जानकारी दी है। यह घटनाक्रम दोनों पक्षों के बीच जारी अप्रत्यक्ष वार्ता के बीच आया है, जिसमें पाकिस्तान संदेशों के आदान-प्रदान के लिए एक माध्यम की भूमिका निभा रहा है। बुधवार को इससे पहले, पाकिस्तान के गृह मंत्री सैयद मोहसेन नकवी ने इस सप्ताह दूसरी बार तेहरान का दौरा किया और



राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन सहित ईरानी अधिकारियों के साथ बातचीत की।

आईएसएनए की रिपोर्ट के अनुसार, उन बैठकों के दौरान पेजेश्कियन ने हाल के क्षेत्रीय घटनाक्रमों के साथ-साथ अमेरिका-ईरान की अप्रत्यक्ष वार्ता और चल रहे राजनयिक परामर्शों की स्थिति पर भी चर्चा की। इस बीच, रॉयटर्स की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि वार्ता से परिचित तीन सूत्रों के अनुसार, मुनीर गुरुवार को तेहरान जाने या न जाने का फैसला कर सकते हैं। नाम गुप्त रखने की शर्त पर बात करने वाले सूत्रों ने बताया कि इस फैसले पर अभी विचार चल रहा है। 8 अप्रैल से लागू युद्धविराम ने शत्रुता को विराम दिया है, लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार को स्थानीय समयानुसार चेतावनी दी कि कूटनीति के अवसर सीमित होते जा रहे हैं। रिपब्लिकन राष्ट्रपति ने आगे कहा कि वार्ता एक संभावित समझौते और पुनः तनाव बढ़ने के बीच सीमा रेखा पर है। जॉइंट बेस एंड्रयूज में पत्रकारों से बात करते हुए ट्रंप ने कहा कि विश्वास कीजिए, मामला बिल्कुल नाजुक मोड़ पर है।

# रावलपिंडी-इस्लामाबाद में 40% मिलें बंद, बेरोजगारी का खतरा

**पाकिस्तान**

**पाकिस्तान** के रावलपिंडी-इस्लामाबाद क्षेत्र में आटा मिल उद्योग गंभीर संकट से जूझ रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, बढ़ते वित्तीय घाटे और उद्योग जगत के नेताओं द्वारा सरकार की दोषपूर्ण नीतियों के कारण लगभग 40 प्रतिशत आटा मिलें बंद हो चुकी हैं। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, आटा मिल मालिकों ने चेतावनी दी है कि यदि पंजाब सरकार गेहूं और आटे के वितरण तंत्र में तत्काल सुधार नहीं करती है, तो और भी मिलें जल्द ही बंद हो सकती हैं।

डॉन के अनुसार, पंजाब की मुख्यमंत्री मरियम नवाज को संबोधित एक बेहद आलोचनात्मक अपील में, पंजाब के पाकिस्तान फ्लोर मिल्स एसोसिएशन के पूर्व उपाध्यक्ष, चौधरी अफजल महमूद एडवोकेट ने अधिकारियों पर असंगत नियमों और प्रशासनिक हस्तक्षेप के माध्यम से इस क्षेत्र को पतन की ओर धकेलने का आरोप लगाया। यह बयान व्हाट्सएप ग्रुपों के माध्यम से आटा मिल मालिकों के बीच व्यापक रूप से प्रसारित किया गया। अपील में दावा किया गया कि रावलपिंडी और इस्लामाबाद के मिल मालिक दक्षिणी पंजाब की तुलना में गंभीर नुकसान झेल रहे हैं, जहां गेहूं उत्पादक जिलों को कथित तौर पर तरजीही व्यवहार मिलता है।

दोनों शहरों के मिल मालिकों को निजी आपूर्तिकताओं से गेहूं काफी अधिक परिवहन लागत पर खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है, जिससे प्रति मन लगभग 200 से 250 रुपये का अतिरिक्त खर्च हो रहा है। उद्योग प्रतिनिधियों ने आरोप लगाया कि आधिकारिक मूल्य निर्धारण नीतियों के कारण मिलों का अस्तित्व असंभव हो गया



है। उन्होंने दावा किया कि जहां गेहूं की लागत लगभग 4,100 रुपये प्रति मन तक पहुंच गई है, वहीं अधिकारी आटे को लगभग 4,000 रुपये प्रति मन पर बेचने के लिए मजबूर कर रहे हैं, जिससे बिजली शुल्क, वेतन और अन्य खर्चों को घटाने के बाद भारी परिचालन घाटा हो रहा है। मिल मालिकों ने खाद्य विभाग पर मनमाने नियंत्रण लागू करने और प्रतिदिन असंगत नीतिगत निर्देश जारी करने का आरोप लगाया।

अपील में यह भी बताया गया कि मिलों को जारी किए गए गेहूं के परमिट टिकाऊ संचालन के लिए अपर्याप्त थे, कुछ मिलों को हर चार दिन में केवल 40 टन गेहूं मिल रहा था। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, कई मिल मालिकों ने कहा कि उद्योग में निवेश किए गए अरबों रुपये पहले ही बर्बाद हो चुके हैं, जिसके कारण मिलें बंद हो रही हैं और इस क्षेत्र से जुड़े श्रमिकों में बड़े पैमाने पर बेरोजगारी फैल रही है। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, मिल मालिकों ने पंजाब सरकार से आटे की एक समान मूल्य निर्धारण प्रणाली लागू करने, पूरे पंजाब में गेहूं का समान वितरण सुनिश्चित करने और संघर्षरत उद्योग को स्थिर करने के लिए प्रशासनिक नियंत्रणों को बाजार-आधारित प्रणाली से बदलने का आग्रह किया।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
प्रबन्धक
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा

# दंग रह गए एलन मस्क, जानिए कैसे चीन की 'रोबोट सेना' ने बनाया चोंगकिंग स्टेशन

**शंघाई**

**पिछले** हफ़्ते, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के हाई-प्रोफाइल अरबपतियों के दल के हिस्से के तौर पर चीन की यात्रा के दौरान, टेक दिग्गज एलन मस्क ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक वीडियो रीपोस्ट किया। यह वीडियो 'चोंगकिंग ईस्ट रेलवे स्टेशन' के निर्माण की हैरतअंगेज यात्रा का था। सार्वजनिक परिवहन को लेकर हमेशा शंका जाहिर करने वाले मस्क का यह पोस्ट दुनिया भर में कौतूहल का विषय बन गया।

कौतूहल से इतर, चोंगकिंग ईस्ट रेलवे स्टेशन की असली कहानी बेहद दिलचस्प है। यह कहानी बताती है कि कैसे चीन ने रोबोट की एक पूरी सेना का इस्तेमाल करके सिर्फ 38 महीनों में दुनिया के सबसे बड़े रेलवे स्टेशन का निर्माण कर दिया। फ्लोर एरिया के हिसाब से यह दुनिया का सबसे बड़ा मल्टी-मॉडल ट्रांजिट कॉम्प्लेक्स है, जिसे मई 2025 में आम जनता के लिए खोल दिया गया था। दक्षिण-पश्चिमी चीन के अंदरूनी हिस्से में स्थित चोंगकिंग, जहाँ यह स्टेशन बना है, आबादी और प्रशासनिक क्षेत्र, दोनों ही मामलों में देश का सबसे बड़ा शहर है। आज एक प्रमुख आर्थिक शक्ति बन चुका चोंगकिंग, 1960 के दशक में माओ जेडोंग के 'थर्ड फ्रंट कैंपेन' के तहत पूरी तरह से बदल गया था। यह एक बहुत बड़ा प्रयास था, जिसके तहत देश के विशाल संसाधनों को चीन के उन अंदरूनी इलाकों के तेजी से औद्योगीकरण की ओर मोड़ दिया गया, जिनकी पहले ऐतिहासिक रूप से उपेक्षा की गई थी। इसके परिणामस्वरूप, उद्योग



प्रशांत तट से पश्चिम की ओर फैल गए।

आज, चोंगकिंग और उसका नया स्टेशन, चीन की जबरदस्त इंजीनियरिंग क्षमता और उसकी विशाल आर्थिक ताकत का एक शानदार नमूना हैं। यह वही चीनी शहर है, जहाँ आपको अपार्टमेंट की इमारतों के बीच से गुजरती हुई मेट्रो ट्रेनें दिखाई देंगी।

जहाँ कई देश बड़े पैमाने की परियोजनाओं को पूरा करने के लिए दशकों तक संघर्ष करते रहते हैं, वहीं चीन ने इस विशाल 1.22 मिलियन वर्ग मीटर के स्टेशन को सिर्फ. 38 महीनों में ही बनाकर तैयार कर दिया। यहाँ बताया गया है कि कैसे रोबोट की एक सेना ने मिलकर इस स्टेशन का निर्माण किया।

चोंगकिंग चीन का एक विशाल अंदरूनी शहर कैसे बना?

स्टेशन के बारे में विस्तार से जानने से पहले, उस शहर के बारे में समझना जरूरी है, जिसके पीछे यह स्टेशन बना है। चोंगकिंग चीन के सबसे महत्वपूर्ण और गतिशील विशाल शहरों में से एक है।

शंघाई और बीजिंग जैसे चीन के कई अन्य शहरी केंद्रों की तरह ही, चोंगकिंग भी एक प्राचीन शहर है, जिसका इतिहास लगभग 3,000 साल पुराना है। दूसरे विश्व युद्ध के दौरान, 1937 में जापानी सेनाओं के हाथों पिछली राजधानी, नानकिंग के पतन के बाद, इसने चीनी राष्ट्रवादी सरकार की राजधानी के रूप में कार्य किया।

1960 के दशक में ही चोंगकिंग वास्तव में चीन के सबसे महत्वपूर्ण शहरी केंद्रों में से एक के रूप में उभरा। यह शहर 'थर्ड फ्रंट अभियान' का एक प्रमुख लाभार्थी बना; यह माओ जेडोंग द्वारा निर्देशित एक विशाल औद्योगीकरण अभियान था।

रणनीतिक गहराई बनाने के उद्देश्य से, इस अभियान ने विशाल औद्योगिक निवेश को चीन के समृद्ध तटीय क्षेत्रों से हटाकर, ऐतिहासिक रूप से उपेक्षित आंतरिक क्षेत्रों की ओर मोड़ दिया, ताकि औद्योगिक और सैन्य बुनियादी ढांचे को संभावित सोवियत आक्रमण या अमेरिकी हवाई हमलों से बचाया जा सके।

इसने रक्षा, भारी उद्योग, प्रौद्योगिकी और बुनियादी ढांचे पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित किया।